उज्जैन
बुधवार
10
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-217
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



दीपिका-रणवीर नए घर में दिखे: एक्ट्रेस का बेबी बंप नजर आया

# जयपुर- पटाखा फैक्ट्री में आग, 8 की मौत

## जलने के बाद सड़क पर तड़पते रहे; दिल्ली का युवक चला रहा था अवैध फैक्ट्री

ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

जयपुर के खोह नागोरियान इलाके में स्थित अवैध पटाखा फैक्ट्री में मंगलवार सुबह 11 बजे भीषण आग लग गई। अग्निकांड में एक बच्चे, दो भाइयों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। पटाखा फैक्ट्री मकान नंबर- 88 करीम नगर-बी में रिहायशी इलाके में चल रही थी। मकान याकूब पुत्र नजीर खान निवासी- राक्ष्या की ढाणी खोह नागोरियान का है। याकूब ने अपना मकान फिरोज निवासी- नई दिल्ली को किराए पर दे रखा है। फिरोज मकान में अवैध रूप से शादी के पटाखों की पैकिंग करवाता था। घटना के बाद से मकान मालिक और फैक्ट्री मालिक की तलाश की जा रही है। मरने वालों में मोहम्मद अशरफ (40) पुत्र मोहम्मद शकील निवासी- पीरजी कॉलोनी, मोहम्मद रब्बिल (16) पुत्र मोहम्मद सिकंदर निवासी- करीम नगर-2 तलाई, अब्दुल वहीद (46) पुत्र अब्दुल अजीज निवासी- रहीम नगर, समीर खान (20) पुत्र अनिस खान निवासी- रहीम नगर, बिलाल खान (28) पुत्र नासिर निवासी- रहीम नगर, आजीम खान (18) पुत्र नासिर खान निवासी- रहीम नगर, नासिर खान (25) पुत्र मोहम्मद अली निवासी- रहीम नगर खोह नागोरियान के रहने वाले थे।



### मरने वालों में दो सगे भाई

आजीम और बिलाल सगे भाई थे ' बिलाल आज छोटे भाई आजीम की फैक्ट्री देखने गया था, जहां आजीम काम करता था। वहां बैठकर दोनों बातचीत कर रहे थे। इस दौरान लगी आग में दोनों झुलस गए थे। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया- जहां हादसा हुआ, वो वहां पटाखा रखने का गोदाम था। फैक्ट्री कुछ दूर है। पूरी जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। रिहायशी इलाके में गोदाम अवैध रूप से था। इसके मालिक के खिलाफ कार्रवाई होगी। रव्लड ओमप्रकाश ने बताया- फिरोज वसीम नाम के युवक के साथ मिलकर अवैध रूप से फैक्ट्री संचालित कर रहा था।

### आग शॉर्ट सर्किट या चिंगारी से लगने की आशंका

पुलिस का कहना है कि ऋस्छ टीम की मदद से मौके से सबूत जुटाए गए हैं ' जिसकी जांच के बाद ही फैक्ट्री में कितना विस्फोटक मौजूद था, उसका पता चल सकेगा ' इसके साथ ही आग लगने के कारणों का भी जांच में ही पता लगेगा ' शुरुआती जांच में आग शॉर्ट सर्किट या किसी के बिड़ी-सिगरेट जलाने की चिंगारी से लग सकती है।

खोह नागोरियान थाने से 1 किलोमीटर की दूरी पर यह अवैध फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। 20 बाई 25 यानी 55.5 वर्ग गज के मकान में यह फैक्ट्री दो साल से चल रही थी। यहां पर अवैध रूप से पटाखे का गोदाम भी बना रखा था। बताया जा रहा है कि हादसे के समय फैक्ट्री में 50 किलो बारूद था। जहां अवैध पटाखा फैक्ट्री चल रही थी, यह कॉलोनी अवैध मानी जा रही है। क्षेत्र से संबंधित तहसीलदार और पटवारी से जिला प्रशासन ने रिपोर्ट मांगी है। हालांकि जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि कॉलोनी अवैध है या वैध।

## कश्मीर से लद्दाख जाने में 15 मिनट लगेंगे, अभी डेढ़ घंटे लगते हैं



ब्रह्मास्त्र ›› जम्मू

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच बन रही जोजिला टनल की खुदाई मंगलवार को पूरी हो गई। टनल के बीच बचा 2.5 मीटर का हिस्सा ब्लास्ट कर हटाया गया, जिससे सुरंग के दोनों छोर आपस में मिल गए। करीब 13.15 किलोमीटर लंबी यह दुनिया की सबसे लंबी दो-तरफा सड़क टनल होगी, जिसमें एक ही सुरंग के अंदर दोनों दिशाओं में वाहन चल सकेंगे। इसके शुरू होने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच सालभर आवाजाही संभव हो जाएगी, अभी सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ता अक्सर बंद हो जाता है। यह टनल गांदरबल के बालटाल को लद्दाख के द्रास जिले के मिनीमार्ग से जोड़ेगी। इसके साथ लगभग 18 किलोमीटर लंबी एप्रोच रोड भी बनाई जा रही है। प्रोजेक्ट को फरवरी 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है। अभी जोजिला दर्रे का यह सफर तय करने में 1 से 1.5 घंटे लगते हैं, लेकिन टनल बनने के बाद यह दूरी सिर्फ 15 मिनट में तय की जा सकेगी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि यह अत्याधुनिक तकनीक से बनाई जा रही आधुनिक टनल है, जिसमें सुरक्षा और यातायात की सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## जापान के बाद नेपाल ने भी भारतीय आमों पर रोक लगाई



नई दिल्ली। जापान के बाद अब नेपाल ने भारत से आम मंगाने पर रोक लगा दी है। नेपाल के अधिकारियों का कहना है कि जांच में कुछ खेपों में तय सीमा से ज्यादा कीटनाशक मिले। नेपाल सरकार के मुताबिक, यह फैसला खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन कराने के लिए लिया गया है। सरकार ने साफ किया कि इसका मकसद भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों को प्रभावित करना नहीं है। रोक लगने से पहले करीब 15.8 मीट्रिक टन भारतीय आम नेपाल पहुंच चुके थे। इनकी कीमत लगभग 10 लाख नेपाली रुपये बताई गई है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब पिछले महीने जापान ने भी भारतीय आमों के आयात पर रोक लगाई थी। हालांकि जापान ने यह कदम कीटनाशकों की वजह से नहीं, बल्कि जांच और सफाई से जुड़े नियमों में कमी मिलने पर उठाया था।

## रूस में 20 गुजराती फंसे, बोले-पासपोर्ट जब्त, रहने-खाने की परेशानी

अहमदाबाद। गुजरात के आनंद और वडोदरा के 20 युवक-युवतियां रूस में फंस गए हैं। उनका आरोप है कि उन्हें 1 से 1.5 लाख रुपए महीने की नौकरी का लालच देकर रूस भेजा गया, लेकिन अब बहुत कम वेतन मिल रहा है। साथ ही रहने-खाने को मोहताज हो गए हैं। गुजरात पुलिस के मुताबिक, पेटलाद निवासी रिम्पल कुमार पटेल ने फिश पैकिंग और टेलरिंग की नौकरी दिलाने के नाम पर 33 लोगों को रूस भेजा। इसके बदले उनसे 2.10 लाख से 3 लाख रुपए तक लिए गए। कुल वसूली करीब 78 लाख रुपए बताई जा रही है। इससे पहले नवंबर 2025 में रूस भेजे गए 13 लोग कम सैलरी और खराब हालात के कारण भारत लौट आए थे। वहीं इसी साल अप्रैल में 20 अन्य लोगों को भेजा गया, जो अभी भी रूस में हैं। मामले की जांच आनंद एलसीबी कर रही है। आरोपी रिम्पल पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस रूस में फंसे लोगों से लगातार संपर्क में है और उन्हें सुरक्षित भारत वापस लाने की कोशिश कर रही है।

## भारत ने स्टारलिंक की सैटेलाइट इंटरनेट की अंतिम मंजूरी रोकी




नई दिल्ली। इलॉन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक को भारत में संचालन की अंतिम मंजूरी अभी नहीं मिली है। सरकार ने स्टारलिंक टर्मिनलों के इस्तेमाल और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं के चलते अंतिम स्वीकृति फिलहाल रोक रखी है। सरकारी अधिकारियों का मानना है कि भारत में सेवा शुरू होने से पहले यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि स्टारलिंक का नेटवर्क देश के सभी सुरक्षा और कानूनी मानकों का पूरी तरह पालन करे। इसी वजह से अंतिम मंजूरी पर फैसला अभी लंबित है। स्टारलिंक को पहले ही भारत में सैटकॉम सेवाएं शुरू करने के लिए कई नियामकीय मंजूरियां मिल चुकी हैं, लेकिन पूर्ण लॉन्च के लिए कुछ अंतिम स्वीकृतियां अभी बाकी हैं।

## एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर वसूलने का आदेश रद्द, भारतीयों को राहत

वाशिंगटन। अमेरिकी फेडरल कोर्ट ने ट्रम्प के ल्ञ-1इ वीजा पर 1 लाख डॉलर (करीब 95 लाख रुपए) फीस वसूलने वाली नीति को रद्द कर दिया है। बॉस्टन कोर्ट ने कहा कि यह फीस नहीं बल्कि एक टैक्स है और इसे लागू करने के लिए राष्ट्रपति नहीं, बल्कि संसद की मंजूरी जरूरी थी। ट्रम्प ने सितंबर 2025 में घोषणा की थी कि जो कंपनियां एच-1बी वीजा पर विदेशी कर्मचारियों को नौकरी देंगी, उन्हें हर वीजा के लिए 1 लाख डॉलर की एक्स्ट्रा फीस देनी होगी। इसके बाद 20 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने इसे चुनौती दी थी। अब कोर्ट के फैसले के खिलाफ ट्रम्प सरकार अपील कर सकती है। एच-1बी एक गैर-अप्रवासी वीजा है, जिसके जरिए अमेरिकी कंपनियां कुछ समय के लिए विदेशों से हाई स्किल वाले पेशेवरों को नौकरी पर रख सकती हैं। पहले एच-1बी वीजा आवेदन करने पर कंपनियों को करीब 2000 से 5000 डॉलर तक फीस देनी पड़ती थी।

## 2030 तक खत्म हो जाएगा अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन का सफर



नई दिल्ली। पृथ्वी से करीब 400 किलोमीटर ऊपर पिछले 25 वर्षों से मानवता की सबसे बड़ी अंतरिक्ष प्रयोगशाला के रूप में काम कर रहा इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। नासा ने 2028 से शुरू करके 2030 तक इसे सुरक्षित तरीके से धरती पर गिराने की अपनी योजना को सार्वजनिक किया है। इसके लिए नासा ने 1 अरब डॉलर (करीब 9500 करोड़ रुपए) का प्लान तैयार किया है। आईएसएस निर्धारित उम्र पूरी कर चुका है। इसका कार्यकाल कई बार बढ़ चुका है। पिछले कुछ सालों से इसमें लगातार तकनीकी खामियां आ रही हैं। स्टेशन को सुरक्षित बनाए रखने पर अरबों डॉलर खर्च होते हैं।

### दिल्ली-भोपाल में चुनाव आयोग के बाहर धरना

## एमपी-राज्यसभा उम्मीदवार नटराजन का नामांकन खारिज

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश की तीसरी राज्यसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन मंगलवार को खारिज कर दिया गया। बीजेपी की आपत्ति पर रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद शर्मा ने ये फैसला लिया। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, अब तीनों सीटों पर भाजपा कैंडिडेट निर्विरोध हैं।

भाजपा का आरोप था कि मीनाक्षी ने तेलंगाना की हैदराबाद कोर्ट में लंबित एक मामले की जानकारी नामांकन पत्र में छिपाई है। रिटर्निंग ऑफिसर ने कारण बताओ नोटिस जारी कर शाम साढ़े 5 बजे तक जवाब मांगा था। कांग्रेस प्रत्याशी के जवाब से संतुष्ट न होने पर नामांकन खारिज कर दिया गया। इधर, कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोपों को निराधार बताया।



कहा- मीनाक्षी के खिलाफ कोई आपराधिक प्रकरण नहीं है। उन्हें कोर्ट से केवल एक नोटिस मिला था। नामांकन रद्द होने के फैसले के खिलाफ हम अदालत जाएंगे। वहीं, दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल भारत निर्वाचन आयोग के पास पहुंचा। प्रदर्शन कर मुलाकात का समय मांगा। आयोग ने बुधवार दोपहर 12 बजे का समय दिया। भोपाल में भी कांग्रेस नेता चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंचे। ॉ

## जून में मेहरबान प्री-मानसून... मध्यप्रदेश के 14 जिलों में 100 प्रतिशत से ज्यादा बारिश

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में इस बार मानसून कमजोर रहने के संकेत हैं। भारतीय मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर-जबलपुर समेत 47 जिलों में सामान्य से कम यानी, 90 से 95% तक बारिश होने का अनुमान जताया है। फिलहाल प्रदेश में मानसून की एंट्री नहीं हुई है, लेकिन प्री-मानसून जमकर बरस रहा है।1 से 9 जून तक प्रदेश में औसत आधा इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। 14 जिले ऐसे हैं, जहां पर 100% से 672% तक बारिश हो चुकी है।

इनमें भोपाल, निवाड़ी, आगर-मालवा, मंदसौर, नीमच, श्योपुर, अलीराजपुर, अशोकनगर, देवास, हरदा, मुरैना, राजगढ़, सीहोर और शाजापुर शामिल हैं। प्रतिशत के हिसाब से देखें तो निवाड़ी में 1.9 मिमी बारिश



की तुलना में 14.7 मिमी बारिश हो चुकी है, जो 672% है। निवाड़ी में 672% बारिश दर्ज। यहां औसत 1.9 मिमी की तुलना में 14.7 मिमी पानी गिर चुका है। आगर-मालवा में 385% बारिश दर्ज। 8.9 मिमी की तुलना में औसत 43.2 मिमी बारिश हुई। भोपाल में 13.3 मिमी की जगह 53.7 मिमी बारिश हो चुकी है, जो अब तक 304% है। मंदसौर में 334% बारिश हुई है। यह 11.3 मिमी के मुकाबले 49 मिमी है। नीमच में 493% बारिश हो चुकी है। यहां अब तक 10.4 मिमी पानी गिरा था, लेकिन 61.7 मिमी गिर चुका है।

## अमेरिका ने हवाई हमले किए, हेलिकॉप्टर गिराने के बदले में अटैक

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

अमेरिकी सेना ने मंगलवार रात ईरान पर हवाई हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि यह कार्रवाई होर्मुज स्ट्रेट के पास अमेरिकी अपाचे हेलिकॉप्टर गिराए जाने के जवाब में की गई। इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि गश्त कर रहे अमेरिकी अल्ञ-64 अपाचे हेलिकॉप्टर को ईरान ने मार गिराया। हालांकि, उन्होंने कहा कि दोनों पायलट सुरक्षित हैं। ट्रम्प ने लिखा, अमेरिका को इस हमले का जवाब देना ही होगा। उधर, ईरान की रेवोल्यूशनरी गार्ड ने दावा किया है कि उसने जवाबी कार्रवाई में बहरीन स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकाने और अमेरिकी नौसेना के फिफ्थ फ्लीट मुख्यालय को ड्रोन से निशाना बनाया।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरानी सेना हर हमले का जवाब देगी।

## दिल्ली होटल में आग: 8 सदस्य खोने वाले परिवार के मुखिया की भी मौत

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



दिल्ली के मालवीय नगर स्थित होटल फ्लोरिश स्टे में लगी भीषण आग ने गुरुग्राम के एक पूरे परिवार को खत्म कर दिया। परिवार के अंतिम जीवित सदस्य और मुखिया 80 वर्षीय राधेश्याम अग्रवाल का मंगलवार को मैक्स अस्पताल में निधन हो गया। राधेश्याम फेफड़ों की गंभीर बीमारी के चलते कई दिनों से आईसीयू में वेंटिलेटर पर थे। उनकी देखभाल के लिए ही उनके बेटे, बहू, पत्नी, पोतियां और तीन रिश्तेदार समेत 8 लोग फ्लोरिश स्टे होटल में ठहरे हुए थे। 3 जून को होटल में लगी आग में इन सबकी मौत हो गई थी।

## यूपी-बिहार में आंधी के साथ बारिश, 100 जगह पेड़-पोल उखड़े, मुंबई में लैंडस्लाइड, 5 कारें दबीं

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मानसून ने केरलम में दस्तक देने के 6 दिन में पूर्वोत्तर के सभी राज्यों को कवर कर लिया है। मंगलवार को मिजोरम, मेघालय, सिक्किम और पश्चिम बंगाल में पहुंचा। अब तक 16 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री मानसून का असर है। बिहार में मंगलवार को 10 जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। बेगूसराह में एक ऑटो पर पोल गिर गया।

उत्तर प्रदेश के इटावा में तेज तूफान के साथ बारिश हुई। 100 किमी की रफ्तार हवा चली। इस दौरान 100 जगहों पर पेड़ और पोल गिर गए। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हो गया। पवने MIDC इलाके में पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा ढहकर नीचे गिरा।

## 36 हजार भारतीय सिम कंबोडिया में एक्टिव

### साइबर धोखाधड़ी के लिए इन्हीं में से 5,300 कार्ड का इस्तेमाल किया गया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कंबोडिया से संचालित एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान और पंजाब में बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। जांच में खुलासा हुआ है कि हजारों भारतीय सिम कार्ड फर्जी तरीके से सक्रिय कर विदेशी नेटवर्क तक पहुंचाए जा रहे थे, जिनका इस्तेमाल भारत में बड़े पैमाने पर साइबर धोखाधड़ी के लिए किया जा रहा था।

जांच के दौरान एजेंसी ने करीब 2.3 लाख संदिग्ध मोबाइल नंबरों का विश्लेषण किया। इसमें चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि लगभग 36 हजार भारतीय सिम कार्ड कंबोडिया में सक्रिय थे। इनमें से करीब 5,300 सिम कार्ड सीधे तौर पर भारत में साइबर फ्रॉड के मामलों में इस्तेमाल किए गए। जांच एजेंसियों के अनुसार इन नंबरों के जरिए देशभर में सैकड़ों करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दिया गया।



ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जोधपुर साइबर पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की। 5 जून को शुरू हुई इस कार्रवाई के तहत राजस्थान के किशनगढ़, नागौर और जोधपुर के साथ पंजाब के लुधियाना में कुल सात स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान ईडी ने बड़ी मात्रा में दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 14 मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

### मलेशियाई नागरिकों के जरिए भेजी जाती थीं सिम

ईडी के अनुसार, यह पूरा नेटवर्क बेहद सुनियोजित तरीके से काम कर रहा था। सिम विक्रेता टेलीकॉम कंपनियों की पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) आईडी का उपयोग कर लोगों को नया सिम लेने या मोबाइल नंबर पोर्ट कराने के बहाने बुलाते थे। कम पढ़े-लिखे और जागरूकता की कमी वाले लोगों के दस्तावेज लेकर उनके नाम पर अतिरिक्त सिम कार्ड भी सक्रिय कर दिए जाते थे। बाद में इन सिम कार्डों को मलेशियाई नागरिकों के जरिए कंबोडिया भेजा जाता था।




1st RERA APPROVED
RESORT TOWNSHIP
Experience Luxury Living
at the 1st RERA Approved Resort Township
Bail Parao, Nainital, Uttarakhand
अगर आप Nature के बीच Luxury Second Home +
Rental Income चाहते हैं, तो Corbett County
आपके लिए एक Perfect Investment है।
Plots starting at just ₹36 Lakhs
Luxury Villas starting at ₹1.40 Crore
BANK
Easy Bank Loan Available
Limited Inventory
Book Now!
CORBETT COUNTY
BAIL PARAO, NAINITAL
UTTARAKHAND
LUXURY VILLAS STARTING AT
₹1.40 CRORE*
EASY BANK LOAN AVAILABLE
Gated Township
Nature Surroundings
Premium Amenities
High Rental Potential
Future Ready Investment

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दर्शने स्पर्शणे वापि, श्रवणे भाषणेऽपि वा।
यत्र द्रवत्यन्तरङ्गं स, स्नेह इति कथ्यते।।

**अर्थः** अगर किसी को देखने, छूने, सुनने और बात करने से दिल खुश हो जाता है, तो वह प्यार है।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन के कई क्षेत्रों में आज 3 घंटे बिजली कटौती, सुबह 9 से 12 बजे तक बाधित रहेगी

**उज्जैन।** उज्जैन में मंगलवार को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक श्री विशाला फीडर का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। जिससे कई क्षेत्रो में विद्युत सप्लाई नहीं होगी। लाइन मेंटेनेंस कार्य के लिए 11 केवी लाइन में 3 घंटे तक वितरण कंपनी के कर्मचारी मेंटेनेंस कार्य करेंगे। जिसके चलते ऋषिनगर, श्री विशाला, हुडको कॉलोनी, ग्रीन पार्क क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। हालांकि, भीषण गर्मी में सुबह के समय होने बिजली विभाग के कार्य को देखते हुए कई लोगों ने इसे विभाग की मनमानी बताकर भीषण गर्मी में आम लोगो की परेशानी बढ़ाने वाला बताया है।

### कबीर प्राकट्योत्सव पर गूंजे भजन, हुआ प्रतिभाओं का सम्मान

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ और सद्गुरु कबीर जन कल्याण संस्थान के तत्वावधान में रविवार 7 जून को नवनिमार्णाधीन आश्रम में विशाल सद्गुरु कबीर प्राकट्योत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने कबीर भजनों का आनंद लिया और समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बापू महंत चूड़ामणि साहेब और सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आगर विधायक मधु गहलोत ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुसनेर विधायक बाबूलाल, आगर नगर अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि और नेता मौजूद रहे। आयोजन के दौरान अंतरराष्ट्रीय कबीर भजन गायक टिप्पणियां ने सपरिवार भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। उनके साथ आकाशवाणी और दूरदर्शन के अन्य गायक कलाकारों ने भी अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से संपूर्ण माहौल को भक्तिमय बना दिया।

### 40 गर्भवतियों का परीक्षण, खून की कमी पर लगाया आयरन सुक्रोज

**उज्जैन।** आरोग्य भारती उज्जैन ग्रामीण की ओर से चलाए जा रहे 'हर घर स्वस्थ, हर गांव आरोग्य' संकल्प के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरवर में स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में 40 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक जांचें की गईं। इस दौरान खून की कमी से पीड़ित महिलाओं को तुरंत आयरन सुक्रोज लगाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. कल्पेश दायमा ने गर्भवतियों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को सुपोषण, स्वस्थ जीवनशैली और घरेलू उपचार के विषय में सरल जानकारी दी गई। साथ ही, सभी को अपने परिवार और गांव को निरोग रखने के लिए जीवन में छोटे-छोटे स्वास्थ्य उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### चारभुजा नाथ मंदिर में वासुदेव लीला उत्सव की धूम

**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के चलते गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रभु की झांकी के दर्शन का लाभ ले रहे हैं। इसी क्रम में मंदिर में वासुदेव लीला उत्सव मनाया गया। मनोरथी सत्यनारायण अर्पण सोमानी और राधेश्याम नितिन भूतड़ा की ओर से पंडित बृजभूषण दीक्षीत द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात मनोरथी परिवार ने आरती की। इस अवसर पर पारिवारिक सदस्य निर्मला सोमानी, रमेशचन्द्र सोमानी, कविता सोमानी, अर्पण सोमानी, कृष्णा भूतड़ा, पलक तोतला, सुभाष भूतड़ा, राजश्री भूतड़ा और रेखा बाहेती ने भी आरती की।

# खजराना मंदिर पुजारी विवाद- पीड़िता बोलीं-केस वापस लेने का दबाव

## पुजारी पर घरेलू हिंसा के आरोप लगाए, कहा- न्याय की लड़ाई में मौत भी आ जाए तो मंजूर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के खजराना गणेश मंदिर से जुड़े पुजारियों और उनके परिवार पर दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी के आरोप लगाने वाली डॉ. इंद्रा भट्ट (शर्मा) ने कहा है कि उन पर केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

पीड़िता का कहना है कि कई राजनीतिक और प्रभावशाली लोग, जिनमें कुछ पार्षद और आरएसएस से जुड़े लोग भी शामिल हैं, उनके घर आकर लगातार समझाइश और दबाव बना रहे हैं। महिला के अनुसार उनसे कहा जा रहा है कि सामने वाला परिवार काफी प्रतिष्ठित और रसूखदार है, इसलिए उन्हें यह लड़ाई छोड़ देनी चाहिए। महिला ने कहा, ह्ললोग मुझसे पूछते हैं कि क्या मुझे डर नहीं लगता, लेकिन अब डरने के लिए बचा ही क्या है। अगर न्याय की लड़ाई लड़ते हुए मौत भी आ जाए तो मुझे मंजूर है, लेकिन मैं पीछे नहीं हटूंगी।ह्व एफआईआर दर्ज होने के करीब दो महीने बाद मंगलवार को महिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में भी पहुंची। उन्होंने अधिकारियों को आवेदन देकर मांग की कि मंदिर के पुजारी और उनके पति पुनीत भट्ट के गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाई जाए।

पीड़िता ने शिकायत में कहा कि खजराना गणेश मंदिर का संचालन मध्य प्रदेश श्री गणपति मंदिर खजराना (इंदौर) अधिनियम, 2003 के तहत होता है। ऐसे में जिन पुजारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, उन्हें जांच लंबित रहने तक पूजा कार्य और गर्भगृह से दूर रखा जाना चाहिए।

### एडवोकेट ने रखा कानूनी पक्ष

पीड़िता के एडवोकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे ने बताया कि मंदिर अधिनियम के प्रावधानों के तहत यदि किसी पुजारी के आचरण से मंदिर की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है, तो प्रशासक या कलेक्टर जांच लंबित रहने तक उसे पद से हटाने या निलंबित करने पर विचार कर सकते हैं। एडवोकेट डॉ. रुपाली राठौर ने दावा किया कि अन्य राज्यों में भी ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुजारियों को प्रशासनिक स्तर पर सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की जा चुकी है।

### समझौते के नाम पर मांगों का आरोप

उधर, पुनीत भट्ट और उनके परिवार ने डॉ. इंद्रा द्वारा लगाए आरोपों को निराधार बताया। उनके एडवोकेट श्रवण बागोरा ने बताया कि पुनीत का पहला विवाह ममता भट्ट से हुआ था, जिनका कोरोना काल के दौरान किडनी संबंधी बीमारी के उपचार के बीच निधन हो गया था।

इसके बाद 2025 में पुनीत भट्ट ने इंद्रा शर्मा से दूसरा विवाह किया। विवाह के शुरूआती दिनों में संबंध सामान्य रहे, लेकिन बाद में पारिवारिक विवाद बढ़ने लगे। पुनीत पर अपने परिवार से अलग रहने का दबाव बनाया जाता था। ऐसा नहीं करने पर आत्महत्या जैसी धमकियां दी जाती थीं।

परिवार ने यह भी दावा किया कि सितंबर 2025 में घर में हुए एक विवाद के बाद खजराना थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुजारी परिवार के मुताबिक उस घटनाक्रम के बाद वैवाहिक संबंधों में तनाव बढ़ने पर तलाक की प्रक्रिया शुरू की गई। इसके बाद महिला ने दहेज प्रताड़ना सहित अन्य आरोप लगाते हुए महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। परिवार का आरोप है कि समझौते और आपसी सहमति से तलाक के लिए बड़ी धनराशि तथा फ्लैट की मांग की जा रही है। मांगें पूरी नहीं होने पर विभिन्न मामलों में फंसाने और सामाजिक रूप से बदनाम करने की चेतावनी दिए जाने का भी दावा किया है।

### दक्षिणा के उपयोग में गंभीर अनियमितताओं का आरोप

मंदिर परिसर में पुजारियों द्वारा अमर्यादित आचरण किया गया और श्रद्धालुओं द्वारा दी गई दक्षिणा के उपयोग को लेकर भी गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। इन आरोपों के समर्थन में वीडियो और अन्य दस्तावेज होने का दावा भी किया गया है। पीड़िता ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वह समाज के लोगों के साथ मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग करेंगी। महिला थाना इंदौर ने अप्रैल 2026 में पुनित भट्ट, प्रतिमा नागर, नवीन नागर, उदित भट्ट, कुमकुम भट्ट, सुमित भट्ट और विनित भट्ट के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया था। इसके साथ ही घरेलू हिंसा से संबंधित प्रकरण भी कोर्ट में लंबित बताया है।

### एडीएम ने सुनी पीड़ा, बच्ची का किया नामकरण

जनसुनवाई में रामबाग निवासी गायत्री साहू अपने पति और एक माह की नवजात बेटी के साथ प्रशासन से न्याय की गुहार लगाने पहुंची। महिला ने आरोप लगाया कि बेटी के जन्म के बाद सास और दादी सास द्वारा उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है तथा घर में नहीं रखने की बात कही जा रही है। गायत्री साहू ने बताया कि उसकी नवजात बेटी को हृदय संबंधी बीमारी है और इस कठिन समय में परिवार का सहयोग मिलने के बजाय उसे लगातार ताने और अपमान का सामना करना पड़ रहा है। महिला का आरोप है कि जब उसका पति उसके समर्थन में खड़ा होता है तो उसे भी घर से निकालने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी जाती है। परिवार के कुछ सदस्य मासूम बच्ची के बारे में भी आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हैं। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर (एडीएम) रोशन राय ने मामले को गंभीरता से सुना।

बातचीत के दौरान उन्होंने नवजात बच्ची का नामकरण भी किया। महिला ने बताया कि उसकी बेटी का नाम रुही रखा गया है। एडीएम ने मामले की जांच कराने के निर्देश दिए और बच्ची के स्वास्थ्य को देखते हुए उसके उपचार में हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रकरण की वस्तुस्थिति की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### उज्जैन शहर से बाहर होगी मांस-मछली की दुकानें

# वाराणसी की तर्ज पर एमआईसी में आएगा प्रस्ताव, मुहर लगते ही निगम सीमा के बाहर जाएंगी दुकानें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पवित्र नगरी उज्जैन में शराबबंदी के बाद अब मांस-मटन और मछली की दुकानों को भी शहर से बाहर करने की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में नगर निगम की बुधवार को होने वाली एमआईसी बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रस्ताव पर मुहर लगते ही नगर निगम सीमा के भीतर संचालित सभी मांस-मटन और मछली की दुकानों को बाहर शिफ्ट किया जाएगा।

गौरतलब है कि 1 अप्रैल 2025 से उज्जैन सहित प्रदेश के धार्मिक शहरों में शराबबंदी लागू की गई थी। इसके बाद से ही शहर में मांस-मटन और मछली की दुकानों को लेकर भी लगातार मांग उठ रही थी। हाल ही में वाराणसी में ऐसी दुकानों को शहर से बाहर करने के आदेश के



बाद अब उज्जैन में भी इसी दिशा में पहल तेज हो गई है। महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि उज्जैन एक पवित्र नगरी है। जब यहां शराबबंदी लागू हो सकती है तो मास-मटन और मछली की दुकानें भी शहरी सीमा से बाहर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम कमिश्नर को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर के मुताबिक प्रस्ताव में नगर निगम सीमा के बाहर मास-मटन और मछली की दुकानें संचालित करने का प्रावधान रखा गया है।

# ब्रिक्स सम्मेलनः राजवाड़ा में हेरिटेज वॉक करेंगे मेहमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में चल रहे पांच दिवसीय ब्रिक्स कृषि सम्मेलन का आज बुधवार को दूसरा दिन है। सम्मेलन में ब्रिक्स देशों समेत करीब 20 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। आज प्रतिनिधि राजवाड़ा और ग्रामीण हाट बाजार का भ्रमण करेंगे। इसके बाद संयुक्त घोषणा-पत्र को लेकर विभिन्न सत्रों में चर्चा होगी। वहीं शाम को सदस्य देशों के बीच द्विपक्षीय बैठकें भी आयोजित की जाएंगी। सम्मेलन के पहले दिन मंगलवार को भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इसमें कृषि व्यापार बढ़ाने, तकनीकी सहयोग मजबूत करने और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों देशों ने जलवायु अनुकूल खेती और कृषि अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई।

### 11 जून तक कृषि कार्य समूह की बैठकें

सम्मेलन की शुरूआत 9 जून से कृषि कार्य समूह की बैठकों के साथ हुई। विभिन्न देशों के अधिकारी और विशेषज्ञ खाद्य सुरक्षा, पोषण, कृषि व्यापार, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि अनुसंधान और किसानों की आय बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बैठकों में विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों की चुनौतियों, कृषि ऋण, बाजार तक पहुंच और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर फोकस रहेगा। 12 जून को कृषि मंत्रियों के बीच विशेष संवाद होगा। इसमें छोटे किसानों, महिलाओं और युवाओं की भूमिका, डिजिटल तकनीक और भविष्य की खाद्य सुरक्षा पर चर्चा होगी।

### दिल्ली अग्निकांड के बाद उज्जैन में अलर्ट, संचालकों को दिए निर्देश

# ‘नगर निगम ने होटलों में फायर सेफ्टी, ऑडिट रिपोर्ट जांची

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दिल्ली में हुए होटल अग्निकांड के बाद उज्जैन नगर निगम ने शहर के होटलों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच शुरू कर दी है। महाकाल दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु ज्यादातर होटलों में ठहरते है ऐसे में अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित कई होटलों में पहुंचकर कागजों को खंगाला और सुरक्षा उपकरणों की जांच की।

जांच के दौरान होटल संचालकों से फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र, अग्निशमन ऑडिट रिपोर्ट, भवन अनुज्ञा और विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्र मांगे गए। यह भी किया गया कि आग लगने की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन मौजूद हैं या नहीं। सबसे खास बात तो यह है कि होटल में अगर पीछे की और आग लगती है तो फायर ब्रिगेड





कैसे जाएगी पीछे का कोई रास्ता नहीं गली नहीं। जांच के दौरान होटल गुजरात पैलेस, होटल विराज, होटल कलश, होटल शिव महिमा, होटल आमंत्रण, होटल ड्रीम पैलेस, होटल आमंत्रण एवेन्यू, होटल रॉयल व्यू और होटल एटलस जैसे कई होटल शामिल थे। अधिकारियों ने होटल प्रबंधन को फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र और वार्षिक फायर ऑडिट रिपोर्ट समय पर जमा करे।

जांच दल ने फायर एक्सटिंग्विशर, फायर अलार्म सिस्टम, स्मोक डिटेक्टर, फायर हाइड्रेंट, स्प्रिंकलर सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट और आपदा प्रबंधन की व्यवस्थाओं को भी देख जांच की। आपात स्थिति श्रद्धालु सुरक्षित बाहर निकालने के पर्याप्त इंतजाम हैं या नहीं ये भी देखा गया

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, हाल के अग्निकांडों से सबक लेते हुए सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराना आवश्यक है। रेलवे स्टेशन क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री और श्रद्धालु ठहरते हैं, इसलिए किसी भी लापरवाही से गंभीर हादसा हो सकता है।

# तैराकी शिविर में खिलाड़ियों को दिया अनुशासन और सेवाभाव का मंत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खेल एवं युवा कल्याण विभाग और संभागीय तैराकी संघ के तत्वावधान में कोठी रोड स्थित तरणताल पर चल रहे निःशुल्क तैराकी प्रशिक्षण शिविर का अतिथियों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में उज्जैन स्मार्ट सिटी के सीईओ संदीप शिवा, पुलिस आरआई रंजीत सिंह और नगर निगम की स्विमिंग पूल अधिकारी पूजा जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

अवलोकन के दौरान तैराकी टीम ने अतिथियों का सम्मान कर उन्हें भगवान श्री महाकाल और श्री गेबी हनुमान जी की पावन तस्वीरें



भेंट कीं। अतिथियों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन के बाद तय किया गया कि ये तस्वीरें तरणताल परिसर में स्थापित की जाएंगी, ताकि यहां आने वाले तैराक और खिलाड़ी दर्शन कर आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने शिविर में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों से संवाद कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और सेवाभाव को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में संभागीय तैराकी संघ के अध्यक्ष राकेश तिवारी, सचिव हरिश शुक्ला, चित्रेश शर्मा, दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन, अनुसाई माथुर, प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह चौहान, अश्विन टाटावत, समीर पाराशर, अमर डब्बे वाला गुरुजी, वीरेंद्र काले और पंकज सोलंकी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# चरक में फिर फैला चेंबर का गंदा पानी, मरीज परेशान

## काफी समय से बनी समस्या का नहीं निकला स्थायी समाधान, जिम्मेदार मौन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर का सबसे बड़ा सरकारी चरक अस्पताल इन दिनों खुद ही बदहाल व्यवस्थाओं का शिकार नजर आ रहा है। अस्पताल परिसर में एक बार फिर चेंबर चोक होने से गंदा पानी परिसर में फैल गया है, जिससे मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल स्टाफ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि पिछले कई महीनों से बार-बार सामने आ रही है, लेकिन अब तक इसका कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

चेंबर चोक होने के कारण उसका गंदा पानी अस्पताल परिसर में फैल रहा है। अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को प्रवेश से



पहले ही गंदगी, दुर्गंध और जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। परिसर में फैला गंदा पानी कई दिनों तक जमा रहता है, जिससे आने-जाने में भी परेशानी होती है।

अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों को भी इस समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। अस्पताल आने-जाने के दौरान उन्हें परिसर में फैले गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

### जलभराव से बढ़ रहा संक्रमण और मच्छरों का खतरा

परिसर में कई दिनों तक गंदा पानी जमा रहने से मच्छरों की संख्या भी बढ़ रही है। इससे संक्रमण और मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका है। अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर ऐसी स्थिति मरीजों के स्वास्थ्य के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई है। अस्पताल आने वाले मरीजों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब चेंबर चोक होने से गंदा पानी परिसर में फैला हो। इससे पहले भी कई बार ऐसी स्थिति बन चुकी है। हर बार अस्थायी सफाई कर दी जाती है, लेकिन मूल समस्या का समाधान नहीं होने से कुछ समय बाद फिर वही हालात बन जाते हैं। चेंबर और सीवरेज व्यवस्था की तकनीकी जांच कराकर स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में अस्पताल परिसर में इस तरह की गंदगी और जलभराव की समस्या दोबारा न हो।

# भारतीय बनें, भारतीय खरीदें, भारतीय संस्कृति पर गर्व करें।

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद - प्रयोग करें | बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | गोदरेज, संतूर, निरमा, मैसूर सैंडल, विप्रो-शिकाकाई, मेडिमिक्स, सिंथाल, नीमा | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, डॅव, पॉडन्स, पामोलिव, जान्सन, डेटॉल, एमवे |
| कपड़े व फर्श धोने का साबुन | स्वस्तिक, ससा, प्लस, निरमा, विमल, हीपोलिन, डेट, फेना, उजाला, इजी, घड़ी, जेंटिल, आरती, दो कैंची, स्वराज, वैगस | व्हील, एरियल, सर्फ एक्सल, रिन, विमबार, रॉबिन ब्लू |
| सौंदर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यु, सिंथॉल, संतूर, इमामी, बोरोप्लस, तुलसी, वीको टर्मरिक, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, डाबर, झंडू, सांडू, बैद्यनाथ, हिमालय, बारोलीन, बजाज सेवाश्रम, मूव, क्रेक क्रीम, अयूर | जॉनसन, पाण्ड्स, ओल्ड स्पाईस, फेयर एण्ड लवली, मेडीकेयर, नायसिल, लिरिल, लेक्मे, पेन्टीन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लीनिक |
| टुथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, विको, एंकर, डाबर, मिसवाक, अजंता, बैद्यनाथ, इमामी, हिमालय, दंतकांति | कोलगेट, सिबाका, क्लोजअप, पैप्सोडेंट, ओरल-बी, एमवे, सैन्सोडाईन |
| शेविंग साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, वी-जॉन, टोपाज, पार्क एवेन्यू | निविया, ओल्ड स्पाईस, जिलेट, सेवेन-ओ-क्लाक |
| बिस्किट, चाकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | बेकमेन, मोनॅको, क्रेकजैक, शालीमार, पैरी, रावलगांव, क्लासिक, अमूल, न्यूट्रामूल, सफल, वेरका, सागर, प्रिया गोल्ड, न्यूट्रीन, वीटा, मदर डेरी, क्रीमिका, राजा, सनफीस्ट, पार्ले, फर्निटियर, महालक्ष्मी, हल्दीराम, बिकानो | ब्रिटानिया, टाईगर, मैरी, नैसले, कैडबरी, बोर्नव्हिटा, हार्लिक्स, बूस्ट, किसान, मैगी, कॉम्प्लान, मिल्कफूड |
| चाय-कॉफी | टाटा टी, आसाम टी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, टिपस, तेज, टाटा कॉफे, टाटा-टेटली, वाघ-बकरी, आर्गेनिक, इन्डिया | ब्रुक बाण्ड, ताजमहल, रेड-लैबल, लिप्टन, ग्रीन लेवल, नेसकैफे, नेस्ले, ब्रू |
| शीतपेय, चटनी, आचार, मुरब्बा | एनर्जी, कैपोकोला, जम्पिन, फ्रुटी, डाबर, रसना, हमदर्द, रूह-आफजा, हल्दीराम, गोकुल, बीकानेर, प्रिया, अशोक, मदर्स, रियल जूस | लेहर, पेप्सी, सेवन-अप, मिरिंडा, कोका-कोला, सोडा, लिम्का, थम्स-अप, फैन्टा, स्प्राईट |
| पीने का पानी | बैली, नेचुरल, रेल नीर | अॅक्वाफिना, किन्ले, फोस्टर्स |
| आईस्क्रीम | दिनशॉ, वाडीलाल, अमूल, हिमालय, निरूला, मदर डेयरी, हैव मोर, वेरका, वीटा, क्रीमबेल, प्रीतम बादशाह | कैडबरी, क्वालिटी वॉल्स, बास्कीन-राबिन्स, कॉरनेट्टो |
| खाद्यतेल, खाद्य पदार्थ | सनफलावर, मारुति, पोस्टमैन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, सनड्राप, रथ, पैराशूट, अशोक, सफोला, गगन, अमृत, बनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, डाबर, लिज्जत, शक्तिभोग आटा, टाटा नमक, एम.टी.आर., हल्दीराम, बिकानों, महालक्ष्मी | डालडा, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक, आटा और मैगी, किसान, ब्रुक बाण्ड, पिल्सबरी आटा, कैप्टन कुक नमक और आटा, अंकल चिप्स, लेज, लेहर |
| विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु | विडियोकॉन, बी.पी.एल., ओनिड़ा, सलोरा, टी-सीरीज, वेस्टर्न, टी.सी. एल., गोदरेज, बजाज, ऊषा, पोलर, ऐंकर, सूर्या, ओरिएन्ट, क्रॉम्प्टन, लायड्स, ब्लूस्टार, वोल्टास, खेतान, एवरड्रेडी, जिप, नोविनो, सुमित, हॉकिन्स, प्रेस्टीज, महाराजा, प्रेशर कुक्कर, सुजाता मिक्सी | फिलिप्स, सोनी, निप्पो, शार्प, व्हर्लपूल, सेमसंग, नैशनल-पैनासोनिक, तोशिबा, एलजी, हिताची, सानसूई, केनवुड, टपरवेयर, ओमेगा, टाइमैक्स, पायोनियर |
| घड़ियां | टाईटन, अजंता, एचएमटी, मैक्सिमा, फास्ट्रैक | ओमैगा, टाईमेक्स, राडो, टीसोट, गेस, माट ब्लैक |
| लेखन सामग्री | विल्सन, कैम्लिन, रोटोमैक, सेलो, स्टिक, मोंटेक्स, कैमल, स्टिक, अप्सरा, लिंक, बिल्ट, चौहान पेपर्स | पार्कर, पायलट, फैबर-कैसेल, लक्जर, कोरस |
| जूते, चप्पल, पॉलिश | लखानी, लिबर्टी, एक्शन, पैरागॉन, करोना, रिलैक्सो, रेड-टेप, किवी शू पॉलिश, वुडलैंड | प्यूमा, पॉवर, चेरी-ब्लॉसम, एड्डिडास, रिबॉक, नाइकी, लीकूपर, गैसोलीन, बाटा |
| तैयार कपड़े | स्पाईकर, ड्यूक, मफतलाल, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशीन, जोडिएक, डेनिम, प्रोलीन, टीटी, लक्स, अमूल, वीआईपी, रूपा, रेमण्ड, ग्रासिम, पार्क एवेन्यू, अल्टिमो, मोन्टी कार्लो, | ली, पीटर इंग्लैंड, ऐरो, लोकास्टे, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेपे जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, एलन सोली, यूएस पोलो। |

उपरोक्त के अतिरिक्त सभी स्थानीय, लघु-कुटीर उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद

# अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में 7 जून से 9 जून तक अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता अभियान तथा 9 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान समपार फाटकों पर सड़क उपयोगकताओं को सुरक्षित आवागमन एवं रेल संरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समपार फाटकों पर होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा सड़क उपयोगकताओं में सुरक्षित व्यवहार विकसित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष जून माह में यह अभियान चलाया जाता है। रेलवे बोर्ड के निदेर्शानुसार आयोजित इस अभियान के दौरान मंडल के विभिन्न समपार फाटकों, विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत पोस्टर, बैनर, पंपलेट, जनसंपर्क गतिविधियों एवं व्यक्ति गत संवाद के माध्यम से लोगों को समपार फाटक पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों एवं रेलवे कर्मचारियों ने आसपास के गांवों में जाकर स्थानीय नागरिकों, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को समपार फाटकों पर सुरक्षित व्यवहार के नियमों से अवगत कराया। विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से भी संरक्षा संदेश प्रसारित किए गए। अंतर्राष्ट्रीय समपार सुरक्षा जागरूकता दिवस के अवसर पर ०९ जून २०२६ को सिविल डिफेंस एवं संरक्षा विभाग द्वारा रतलामझगोधरा खंड के समपार क्रमांक ४० पर जागरूकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस दौरान सड़क उपयोगकताओं को समपार फाटक पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों, रेलवे संरक्षा नियमों तथा संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

इसी क्रम में बंजलीझसेजावता बाइपास स्थित समपार संख्या 190 पर भी नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशन) श्री के. एल. मीणा, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री डी. एम. सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार ने कहा कि समपार फाटकों पर अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय भूल एवं असावधानी के कारण होती हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे समपार फाटक बंद होने पर किसी भी प्रकार का जोखिम न लें, रेलवे संरक्षा नियमों का पूर्णतः पालन करें तथा च्दुर्घटना से देर भलीज् के सिद्धांत को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, किंतु जनसहभागिता और जागरूकता के बिना दुर्घटना-मुक्त वातावरण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। रेलवे के अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा विभिन्न समपार फाटकों का निरीक्षण कर गेटमैन एवं सड़क उपयोगकर्ताओं को ऊपरी 25 केवी विद्युत लाइन से संबंधित सावधानियों, समपार फाटक बंद रहने के दौरान किया।

## शुद्ध शाकाहार और संस्कार ही संस्कृति की पवित्रता के आधार- मुनिश्री प्रणम्य सागर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

अर्हं योग प्रणेता पूज्य मुनिश्री प्रणम्यसागरजी महाराज ने स्थानीय तारबंगला मंदिर परिसर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भिन्न-भिन्न परम्पराओं में विचार अलग हो सकते हैं, परन्तु धर्म का मुख्य उद्देश्य पवित्रता और शुद्धता ही है। शुद्ध आहार केवल शाकाहार ही है, यदि भक्ष्य-अभक्ष्य का ध्यान नहीं रखा गया तो व्यक्ति का ज्ञान मूर्छित अवस्था में है। मुनिश्री ने कहा कि भारत की पवित्र भूमि पर जन्म लेकर भी यदि कोई मांसाहार करता है, तो उसका इस देश से कोई वास्ता नहीं हो सकता। बोतल बंद पानी और पेय पदार्थ अशुद्ध होते हैं, इसलिए बच्चों को शुद्ध-अशुद्ध का फर्क समझाएं।धर्मसभा में उपस्थित सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि जैन जीवन पद्धति के परिवार उच्च आदर्शों वाले होते हैं। संतों का सानिध्य हमेशा ऊर्जा से भरा होता है। प्रारंभ में आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के चित्र का अनावरण, दीप प्रज्वलन व पाद प्रक्षालन सांसद गुप्ता सहित गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट का लाभ धर्मेन्द्र रेखा बड़जात्या, निर्मल प्रेमलता जैन जयपुर व प्रियंका जैन मेरठ को प्राप्त हुआ। मुनिवर को श्रीफल भेंट करने वालों में महावीर जैन दलौदा, कुशल डोसी, प्रो. अशोक अग्रवाल, राजेन्द्र कियावत, सुरेश जैन, दीपक भूता आदि शामिल थे।

## 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ शारीरिक शोषण का सनसनीखेज मामला सामने आया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

शहर के स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ शारीरिक शोषण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जवाहर नगर निवासी १४ वर्षीय नाबालिग बालिका ने स्टेशन रोड थाने पहुंचकर अपने साथ हुई आपबीती सुनाई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीती 7 जून की रात आरोपी परवेज यूसुफ खान दोस्ती होने के नाते उसे बहला-फुसलाकर अपने घर रहमत नगर ले गया था। वहां आरोपी ने उसके साथ जबरन शारीरिक शोषण (ज्यादती) किया।

### तबीयत बिगड़ने पर घर छोड़कर भागा

अगले दिन जब पीड़िता की तबीयत ज्यादा खराब होने लगी, तो आरोपी परवेज घबरा गया और उसे वापस उसके घर जवाहर नगर छोड़कर मौके से भाग निकला। इसके बाद पीड़ित बालिका ने हिम्मत जुटाकर पूरी घटना की जानकारी अपनी मां को दी। बेटी के साथ हुई इस हैवानियत को सुनकर मां दंग रह गई और तुरंत उसे लेकर स्टेशन रोड थाने पहुंची।

**पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज**

स्टेशन रोड थाना पुलिस ने पीड़ित बालिका की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी परवेज यूसुफ खान के विरुद्ध भादंवि बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मादक पदार्थ तस्करों से 5 करोड़ की शासकीय भूमि मुक्त

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग और एसपी विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की है। तहसील गरोठ के ग्राम कुरलासी में उद्योग विभाग को आवंटित शासकीय भूमि सर्वे क्र. ४४४ एवं ४४९ कुल रकबा 6.96 हेक्टेयर पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किया गया था। इस अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में संलिप्त आरोपी विक्रमसिंह उर्फ गुड्डुसिंह व कुशालसिंह द्वारा कब्जाई गई इस भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग ५ करोड़ रुपये है। राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से कार्रवाई करते हुए इस पूरी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम राहुल चौहान, एसडीओपी विजय कुमार यादव, तहसीलदार अर्जुन भदौरिया और थाना प्रभारी बलवीर यादव सहित संबंधित अधिकारी व पुलिस टीम मौजूद रही।

## उर्वरक की सोसायटी में उपलब्धता एवं वितरण सुनिश्चित करें- कलेक्टर चंद्रा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

जिले की सभी सोसायटी के गोदामों में डबल लाक केंद्रों से पर्याप्त उर्वरक का भण्डारण हो। सोसायटी में नियमित रूप से उर्वरक का अग्रिम भण्डारण एवं किसानों को उर्वरक का वितरण सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कृषि, सहकारिता एवं विपणन संघ अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश, सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने तीनों एसडीएम को उर्वरक की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा, कि किसी भी सोसायटी में उर्वरक की कमी ना रहे। अग्रीम भण्डारण किया जाए। बैठक में बताया, कि यूरिया की आधी रैंक और एनपीके की आधी रैंक एक दो दिन में लग रही है। नीमच पर्याप्त मात्रा में डलब लाक केंद्रों में उर्वरक उपलब्ध है। बैठक में कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे सड़क निर्माण के प्रगतिरत कार्य स्थल पर सड़क सुरक्षा के मानकों के अनुरूप साईनेज, रिप्लेक्टर एवं बेरियर संकेतक आदि अनिवार्य रूप से लगवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी प्रगतिरत कार्य पर सड़क सुरक्षा संबंधित साईनेज, संकेतक, बोर्ड नही पाए जाएंगे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष व आरडीए उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की भेंट

### रतलाम के विकास कार्यों और योजनाओं पर हुई चर्चा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रतलाम विकास प्राधिकरण (आरडीए) के उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने सोमवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान रतलाम शहर के समग्र विकास, अधोसंरचना विस्तार और आरडीए द्वारा संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

भेंट के दौरान आरडीए उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि रतलाम के सुनियोजित विकास तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए आरडीए निरंतर कार्य कर रहा है और भविष्य में भी विकास की नई योजनाओं को गति दी जाएगी। श्री सोनी ने मुख्यमंत्री को आरडीए द्वारा पूर्व में संचालित तथा वर्तमान में प्रस्तावित योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने शहर में आवासीय, व्यावसायिक एवं अधो संरचनात्मक विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साथ ही रतलाम के भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई विकास परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रतलाम के विकास को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए विकास कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी शहरों के संतुलित एवं योजनाबद्ध विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने भी संगठन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से रतलाम के विकास को नई दिशा देने की बात कही।

## मंदसौर में 171 करोड़ की सीवरेज परियोजना पर मंथन, बनेंगे 6 आधुनिक पंपिंग स्टेशन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया ने मंदसौर शहर में भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन की संयुक्त सहभागिता से लगभग 171 करोड़ रुपये की लागत से संचालित सीवरेज परि योजना के निर्माण कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसी पीसी स्नेहल इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी, अहमदाबाद के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ परियोजना की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से मंथन किया गया। श्री सिसौदिया ने बताया कि शहर में सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 6 इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन (आईपीएस) स्थापित किए जाएंगे, जो आधुनिक तकनीक से निर्मित होंगे। इनके माध्यम से सीवरेज जल को पाइपलाइन द्वारा अलावदाखेड़ी-शिवना क्षेत्र तक पहुंचाया जाएगा। गांधीनगर, यशनगर एवं मेघदूत नगर क्षेत्र के लिए 1,1 एमएलडी क्षमता का आईपीएस ऑडिटोरियम के समीप बनेगा। निर्माण एजेंसी आगामी 10 वर्षों तक इसके रखरखाव एवं संचालन की जिम्मेदारी निभाएगी। श्री सिसौदिया ने बताया कि यह परियोजना मंदसौर शहर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे भविष्य में स्वच्छता व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी तथा नागरिकों को आधुनिक सीवरेज सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।


## नीमच रेडीमेड गारमेंट्स की दो दिवसीय धार्मिक यात्रा संपन्न


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

नीमच रेडीमेड गारमेंट्स व्यापारी एसोसिएशन के तत्वाधान में पहली बार 6 एवं 7 जून को व्यापारी सदस्यों के लिए धार्मिक यात्रा निकाली गई जिसका मुख्य उद्देश्य व्यापारी संगठन को मजबूती मिल पाय और सदस्यों को आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हो एवं वैश्विक ईंधन संकट में नीमच रेडीमेड गारमेंट्स एसोसिएशन एक ही बस में यात्रा कर इंधन बचत का संदेश दे पाए। जानकारी देते हुए अध्यक्ष संतोष प्रेमाणी सचिव मुकेश बाहेती यात्रा संयोजक विनोद होतवानी ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा पहली बार सभी सदस्यों के लिए दो दिवसीय यात्रा निकाली गई जो की नीमच से 6 जून को प्रातः 7.15 बजे बावड़ी वाले बालाजी मंदिर स्थित नीमच नरेश खाटू श्याम जी के यहां दो ध्वज निशान खाटू श्याम जी एवं सालासर बालाजी के ध्वज का ढोल नगाड़ों के साथ पूजा अर्चना कर बस द्वारा सभी यात्री सदस्य सांवलिया सेठ मंडफिया, खाटू श्याम जी रिंग्स, जीण माता, सालासर बालाजी, महालक्ष्मी मंदिर एवं अन्य मंदिरों के दर्शन करें। यात्रा के दौरान सभी सदस्यों ने अच्छी बारिश हो ओर स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिले ताकि शहर की बेरोजगारी को कम कर पाए।

# टाईम पास

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कथा, गाथा-3
3. भगौना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. ताश का एक खेल-3
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उकसाना, चकमा देना-4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26 विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

**ऊपर से नीचे**
1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिजूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ-2
25. एक प्रकार की विदेशी शराब-2

पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 40 | | 58 | | 25 | = | 27 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 5 | | 6 | | 72 | = | 59 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 3 | | 5 | | 10 | = | 60 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 61 | | 30 | | 24 | | 73 | = | 16 / 80 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| दी | नी | सू | ह | का | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | गा | ल | क | वा | ह्य | ह | व | म |
| ट | ज | न | ष | व | म | डे | डी. | म्म | सी | चें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | ट | म | ट |
| ने | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | ब | ला | ज | र | सौ | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | ने | जे. | र | र |
| गि | ल | च | त्त | र | ट | क | वें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 7 | |
| 4 | 33 | 4 | 40 | 7 | 31 | 2 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| 1 | 29 | 3 | 37 | 6 | 35 | 5 |
| | | 7 | 4 | | 5 | |
| 6 | 30 | 2 | 24 | 1 | 30 | 3 |
| | 6 | | 4 | | | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पत्नी - सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो...!
पति - क्यों...?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो...!
पति - मैं कुछ समझा नहीं...?
पत्नी - अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले,
और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...!

00000000

उर्दू के टीचर ने सवाल पूछा - 'नाकाम इश्क' और 'मुकम्मल इश्क' में क्या फर्क होता है...?
छात्र ने जवाब दिया - 'नाकाम इश्क' बेहतरीन शायरी करता है, गजल गाता है, पहाड़ों में घूमता है, उम्दा शराब पीता है।
और 'मुकम्मल इश्क' सब्जी के साथ मुफ्त में धनिया कैसे मिले, रास्ते से ब्रेड लाते और दाल में नमक ज्यादा के फेर में दम तोड़ देता है।

00000000

## रंग भरकर चित्र बनाओ




SOS INFRABULLS
MAHANTA GROUP
इंदौर की प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी SOS INFRABULLS के साथ मौका है,
ASSOCIATE
CHANNEL PARTNER
बनने का और साथ ही
50,000
80,000
प्रति माह कमाने का
चाहे आप हों –
• स्टूडेंट
• प्राइवेट/सरकारी नौकरी में
• बिज़नेसमैन
• हाउसवाइफ
• रिटायर्ड प्रोफेशनल...
कोई फिक्स टाइम नहीं | कोई टारगेट प्रेशर नहीं | फुल ट्रेनिंग और सपोर्ट | इनकम + ग्रोथ दोनों पक्की
405, शगुन टॉवर, अपना स्वीट्स विजय नगर चौराहा, इंदौर
FOLLOW @Official_sosInfrabulls/@mahantagroup

■ वर्ष-12 अंक-217 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात| महाराष्ट्र |राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

न चोरहार्यं न च राजहार्यं, न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धत एव नित्यं, विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्॥

**भावार्थ** : विद्या का धन चोर चुरा नहीं सकता, राजा छीन नहीं सकता, भाई बांट नहीं सकते और यह बोझ भी नहीं बनता। खर्च करने पर यह बढ़ता ही है। यह सबसे श्रेष्ठ धन है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवारः 10 जून, 2026

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान रिपुः।
नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति॥

**भावार्थ** : आलस्य मनुष्य के शरीर का सबसे बड़ा शत्रु है। मेहनत के समान कोई मित्र नहीं है, क्योंकि मेहनत करने वाला कभी दुखी नहीं होता।

## सम्पादकीयम्

### तृणमूल विभक्त

तृणमूलकाङ्ग्रेसविधायकदलस्य विभाजनं, तदनन्तरं संसदीयदलस्य विभाजनं, कोऽपि पठितुं शक्नोति इति संकेतः आसीत । सार्वजनिकं कर्तुं यः दिवसः चयनितः सः दिवसः तस्य दिवसस्य सङ्गच्छः आसीत यस्मिन दिने दलस्य प्रमुखा ममता बनर्जी भारतखण्डस्य सभायां भागं ग्रहीतुं दिल्लीनगरे आसीत । तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य एतत विघटनं केवलं राजनैतिकदलस्य अन्तः विभाजनं वा पलायनं वा न भवति; अस्माकं राजनैतिकसंस्कृतेः कठोरभाष्यम् अपि अस्ति यत अस्माकं बहवः जनप्रतिनिधिः सिद्धान्तैः न चालिताः, अपितु सत्तायाः चालिताः सन्ति। ते दिल्लीनगरे सत्तातः कार्यं कुर्वन्ति वा राज्यराजधानीषु तेषां शक्तितः कार्यं कुर्वन्ति वा, अस्य दोषी कोऽपि एकः दलः नास्ति; यत्र यत्र अवसरः अस्ति तत्र तत्र राजनैतिकशुद्धतायाः नैतिकतायाः च अवहेलना कृता, यथा तृणमूलविधायकाः सांसदाः च अधुना एव कृतवन्तः। यस्य दलस्य निर्वाचनचिह्नं कतिपयदिनानि पूर्वमेव जनादेशं प्राप्तवान आसीत तस्य विरुद्धं विद्रोहं कृत्वा पृथक्क राजनैतिकसमूहस्य निमार्णं कथं न्याय्यम्? तृणमूल-काङ्ग्रेस-पक्षे विद्रोहेण गभीरं बोधितं यत यः कोऽपि दलः दीर्घकालं यावत राजनीतिषु स्थातुम इच्छति सः आन्तरिक-प्रजातन्त्रस्य पोषणं कर्तव्यम `. दुर्भाग्येन आन्तरिकप्रजातन्त्रः वस्तुतः अन्तधार्नं जातः, भवेत राष्ट्रियदलेषु वा प्रादेशिकदलेषु वा । विपक्षिणः तत्क्षणमेव विद्रोहिणां लेबलं प्राप्नुवन्ति, दलस्य अन्तः भेदभावस्य सामनां कुर्वन्ति च । उच्चकमाण्डसंस्कृत्या राष्ट्रियदलेषु दृढतया स्थापिता अस्ति, क्षेत्रीयदलानि तु फीफडम् इव चाल्यन्ते । अधिकांशनिर्णयाः बहुमतस्य मतस्य अपेक्षया उच्चकमाण्डस्य अथवा दलप्रमुखस्य चयनस्य आधारेण क्रियन्ते । संगठनस्य अन्तः वैचारिकरूपेण प्रतिबद्धानां व्यक्तिनां सम्मानस्य अभावः एव कारणं यत एकस्य पश्चात अन्यस्य दलस्य सत्तां त्यक्त्वा प्रमुखविभाजनं भवति आम आदमीदलस्य अनन्तरं ममता बनर्जी-अभिषेक-बनर्जी-योः कार्यशैल्याः अपि न्यूनाः दोषी न सन्ति यत इदानीं तृणमूल-काङ्ग्रेस-अन्तर्गतं प्रकटितं भवति।

नेहरू इत्यस्य 4398 दिवसानां अभिलेखं भङ्गं कृतवान

## मोदीः निर्वाचितप्रधानमन्त्रीरूपेण क्रमशः सर्वाधिकं दीर्घकालं यावत कार्यकालः अस्ति



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

जूनमासस्य १० दिनाङ्के नरेन्द्रमोदी सर्वाधिकं दीर्घकालं यावत निर्वाचितप्रधानमन्त्री इति अभिलेखं स्थापितवान । मोदी २०१४ तमस्य वर्षस्य मे-मासस्य २६ दिनाङ्के प्रधानमन्त्रिपदस्य शपथग्रहणं कृतवान ।अद्य कार्यकाले ४,३९९ दिवसाः समाप्ताः। पूर्वं एषः अभिलेखः पूर्वप्रधानमन्त्री जवाहरलालनेहरू इत्यस्य कृते आसीत, यः ४,३९८ दिवसान यावत एतत पदं धारितवान । मोदी इत्यस्य प्रधानमन्त्रीत्वेन एतत तृतीयं कार्यकालम अस्ति। वस्तुतः भारतस्य स्वातन्त्र्यानन्तरं १९४७ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासस्य १५ दिनाङ्के जवाहरलालनेहरू प्रधानमन्त्री नियुक्तः ।१९४७ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासस्य १५ दिनाङ्कात १९५२ तमे वर्षे मेमासस्य १३ दिनाङ्कपर्यन्तं कुलम १,७३२ दिवसान् यावत प्रधानमन्त्रीरूपेण कार्यं कृतवान ।

तदनन्तरं १९५२ तमे वर्षे प्रथमः सामान्यनिर्वाचनः अभवत ।काङ्ग्रेसः सत्तां प्राप्तवान । संसदीयदलेन नेहरूं नेतारं निर्वाचितम । तदनन्तरं नेहरू १९५२ तमस्य वर्षस्य मे-मासस्य १३ दिनाङ्कात १९६४ तमस्य वर्षस्य मे-मासस्य २७ दिनाङ्कपर्यन्तं निरन्तरं प्रधानमन्त्रीरूपेण कार्यं कृतवान ।

२०१४ तमे वर्षे प्रथमवारं संसदं गतः मोदी संसदस्य सोपानेषु शिरः नत्वा । २०१९ तमे वर्षे सः संविधानस्य नमस्कारं कृतवान । २०२४ तमे वर्षे सः संविधानं हस्ते उत्थाप्य ललाटे स्थापितवान ।

२०१४ तमे वर्षे प्रथमवारं संसदं गतवान मोदी संसदस्य सोपानेषु शिरः नत्वा । २०१९ तमे वर्षे सः संविधानस्य नमस्कारं कृतवान । २०२४ तमे वर्षे सः संविधानं हस्ते उत्थाप्य ललाटे स्थापितवान ।

मोदीसर्वकारस्य १२ वर्षाणि पूर्णानि इति अद्य अपराह्णे ३ वादने एनडीए इत्यस्य महत्त्वपूर्णा सभा भविष्यति। भारतमण्डपमे आयोजितायां सभायां मुख्यमन्त्रिणः, उपमुख्यमन्त्रिणः, २२ भाजपा-एनडीए-शासितराज्यानां, केन्द्रशासितप्रदेशानां च प्रमुखनेतारः च भागं गृह्णन्ति।

मोदी-अभिलेखे सभायां अभिनन्दन-संकल्पः पारितः भविष्यति। ₹विकसितभारत २०४७₹ इत्यस्य मार्गचित्रस्य, केन्द्रस्य राज्यानां च मध्ये उन्नतसमन्वयस्य, विकासपरियोजनानां, ₹जीवनस्य सुगमतायाः व्यापारस्य सुगमतायाः₹ च उन्नयनस्य विषये अपि सभायां चर्चा भविष्यति निरन्तरकार्यकालस्य कुलकार्यकालस्य च मुख्यः अन्तरः अस्ति यत कश्चन पदः अपूर्णः अवशिष्टः अस्ति वा न वा इति।

1. यदा कश्चन नेता अव्यवधानं समानं स्थानं धारयति तदा तत निरन्तरकार्यकालः इति कथ्यते।

उदाहरणम : नरेन्द्रमोदी २०१४ तमस्य वर्षस्य मे-मासस्य २६ दिनाङ्कात निरन्तरं भारतस्य प्रधानमन्त्री अस्ति अतः तस्य वर्तमानकार्यकालः निरन्तरकार्यकालः इति मन्यते ।

2. यदा कश्चन नेता भिन्न-भिन्न-कालपर्यन्तं समानं स्थानं धारयति तदा तानि सर्वाणि पदानि योजयित्वा कुल-कार्यकालस्य गणना भवति ।

उदाहरणम : अटल बिहारी वाजपेयी त्रिवारं प्रधानमन्त्रीरूपेण कार्यं कृतवान् । त्रयः अपि पदाः योजयित्वा कुलकार्यकालस्य गणना भवति ।

मोदी को 31 देशों से सर्वोच्च सम्मान प्राप्त प्रधानमन्त्रित्वात परं नरेन्द्रमोदी ३१ देशेभ्यः सर्वोच्चं नागरिकसम्मानं प्राप्तवान् । सऊदी अरबदेशः प्रथमवारं २०१६ तमस्य वर्षस्य एप्रिल-मासस्य ३ दिनाङ्के 'राज्ञः अब्दुल अजीजस्य आदेशेन' सम्मानितवान ।

## वृन्दावन - बाँके बिहारी मन्दिरस्य समीपस्थस्य गृहस्य बालकनी ध्वस्त

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मंगलवासरे सायं वृन्दावनस्य बाङ्केबिहारीमन्दिरस्य समीपे ५ क्रमाङ्के एकस्य गृहस्य जर्जरबाल्कनी सहसा पतिता। दुर्घटनासमये भक्तजनसमूहः उपस्थितः आसीत । अस्मिन पतने नव जनाः घातिताः, येषु चतुर्णां स्थितिः गम्भीरा इति कथ्यते । सर्वे घातिताः चिकित्सालये प्रवेशिताः सन्ति।

सुधीरगोस्वामी इत्यस्य गृहे एव दुर्घटना अभवत । प्रतिवेशी शिवकुमारः कथयति यात ।बालकोनीयां पूर्वमेव दारणानि आसन, तस्मिन वानरः कूर्दितवान, येन तस्याः पतनम अभवत ।

घटनासमये प्रचण्डः तूफानः प्रचण्डः आसीत इति स्थानीयजनाः वदन्ति। बालकनी पतित्वा पतिता। बालकनीतः मलिनमवशेषाः वीथिं पारं प्रसृत्य भक्ताः घातिताः अभवन ।

बालकोनी पतति चेत समीपस्थाः जनाः भूमौ पतन्तः दृश्यन्ते । यथा यथा बालकनी पतति स्म तथा तथा समीपस्थाः जनाः भूमौ पतन्तः दृश्यन्ते स्म । पुलिस आहतानाम उद्धृत्य चिकित्सालयं नीतवान्। प्रेक्षकाः अपि साहाय्यं कृतवन्तः । दुर्घटनायाः अनन्तरं घटनास्थले अराजकता उत्पन्ना । जनाः स्वप्रियजनैः सह हस्तं धारयन्तः धावन्तः दृश्यन्ते स्म । दुर्घटनानन्तरं क्षेत्रे अराजकता उत्पन्ना । कोलाहलं श्रुत्वा समीपस्थाः दुकानदाराः स्थानीयजनाः च घटनास्थले त्वरितम आगत्य मलिनमण्डपस्य अधः फसितान बहिः आकर्षयितुं साहाय्यं कृतवन्तः । सूचनां प्राप्य पुलिस-प्रशासनदलानि अपि आगतानि। सर्वे घातिताः तत्क्षणमेव चिकित्सालयं प्रेषिताः। दुर्घटनायाः अनन्तरं बाङ्के बिहारी मन्दिरक्षेत्रे सुरक्षा वर्धिता अस्ति। भक्तानाम आवागमनस्य नियमनार्थं अतिरिक्तपुलिसबलं नियोजितम् अस्ति। भविष्ये एतादृशानां दुर्घटनानां निवारणाय प्रशासनेन समीपस्थेषु पुरातन-जर्जर-भवनानां निरीक्षणं आरब्धम अस्ति । सीसीटीवी-दृश्येषु मन्दिरस्य समीपे संकीर्णमार्गे सामान्यतया भक्ताः भ्रमन्तः दृश्यन्ते । केचन जनाः स्वगृहात बहिः स्थिताः सन्ति। चहलपहलः निरन्तरं वर्तते। सायं ६:१८:२५ वादने जर्जरगृहात एकः गुरुः बालकनी सहसा अधः वीथिकायां गच्छन्तीनां भक्तानां उपरि पतति । वीथिकायां मलिनमेघः प्रसृत्य जनान् प्राणान् रक्षितुं धावन्तः प्रेषयति । तत्क्षणमेव समीपस्थनिवासिनः अन्ये च भक्ताः भग्नावशेषं परितः समागच्छन्ति ।

## रोहतकः - शोरूमस्वामिना सह त्रयाणां जनानां कंकालाः प्राप्ताः

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

रोहतकस्य डी-पार्क मार्केट् इत्यस्मिन मंगलवासरे अपराह्णे प्रायः १० दुकानेषु विशालः अग्निः प्रज्वलितः। सार्धषड्घण्टानां अनन्तरं अग्निः शान्तः अभवत ततः परं एनडीआरएफ-दलेन दुकानानां अन्तः अन्वेषणकार्यक्रमः कृतः । मृतानां सौरभ उर्फ रोहित (१९), अमन (३८), कपिल (५०) च इति परिचयः कृतः अस्ति । सौरभः ल्क्ड्डी ळ्ङ्क्ल्ल रँङ्की२ इत्यस्य स्वामी आसीत । अमनः कपिलः च रोहतक जूताप्रदर्शनशालायां कार्यं कुर्वतः । रोहतक जूताप्रदर्शनगृहे अग्निः आरब्धः। शोरूमस्य एसी-कम्प्रेसरस्य विस्फोटः जातः, ततः सः शीघ्रमेव समीपस्थेषु अन्येषु दुकानेषु प्रसृतः । प्रत्यक्षदर्शिनः वदन्ति यत अग्निशामकदलस्य एकं वाहनम एव प्रारम्भे अग्निविषये सूचनां प्राप्य घटनास्थले आगतं। अन्ये प्रशासनिकाधिकारिणः, यथा पुलिस अधीक्षकः (एसपी) इत्यादयः, शीघ्रमेव आगताः, परन्तु अतिरिक्तवाहनानां आगमनाय समयः अभवत ।

### राशिफल

**मेष** : आर्थिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। स्वास्थ्य समस्या आपको परेशान नहीं कर सकेगी।

**वृषभ** : मूड कार्यस्थल पर पूरे माहौल को खुशनुमा बना सकता है। आर्थिक रूप से उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन** : सिंगल लोग ऐसे लोगों की ओर आकर्षित होंगे, जो अच्छी कम्यूनिकेशन स्किल्स वाले हों और जिनके साथ उनकी रुचि मेल खाती हो।

**कर्क** : गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। अपनों का साथ मिलेगा। मस्तिष्क को ऊर्जा देने और उत्साहित करने की आवश्यकता होती है।

**सिंह** : सहकर्मी और रिश्तेदार बड़ा सहयोग देंगे। जीवन साथी के साथ अनबन हो सकती है। सिंगल लोग रोमांचक सामाजिक कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं

**कन्या** : किसी नए काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार में विस्तार के योग हैं। आज एक शानदार दिन है, जो आपको आगे बढ़ा सकता है।

**तुला** : सफलता मिल सकती है। कोशिश करें कि एक समय में बहुत सारी चीजों का बोझ न उठाएं। आपके पर्सनल जीवन में रोमांस का समय है।

**वृश्चिक** : कुछ लोगों के लिए नया रोमांस आपका उत्साह बढ़ाएगा। काम में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथसमय बिताने का मौका मिलेगा।

**धनु** : आर्थिक व व्यापारिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। चंचल और रचनात्मक माहौल का स्वागत करें। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने वाला है।

**मकर** : वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा।व्यापारिक स्थिति अच्छी रहेगी। करियर में सफलता की सीढ़ियां चढ़ेंगे।

**कुंभ** : आज शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। इस दौरान शुरू हुए समझौते और व्यापारिक अवसर सफल होने की संभावना है।


**मीन** : मन में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। यह आपकी कहानी को फिर से लिखने का मौका है। यात्रा पर जाने के प्लान बन सकते हैं।

### ज्योतिष/वास्तु

## जीवन में दिलाता है अपार सफलता कुंडली में मजबूत मंगल

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार कुंडली में ग्रहों की स्थिति का मानव जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण ग्रह मंगल है। वैदिक ज्योतिष में मंगल को ऊर्जा, साहस और क्रियाशीलता का प्रतीक माना जाता है। खगोल विज्ञान के अनुसार, मंगल बाहरी ग्रहों में गिना जाता है, जैसे बृहस्पति और शनि।

मंगल को लाल ग्रह कहा जाता है, और यह बात आधुनिक विज्ञान से पहले ही कई वैदिक ग्रंथों में बताई जा चुकी थी। महर्षि पराशर और वराहमिहिर ने मंगल को लाल रंग का ग्रह बताते हुए इसे युद्ध, जोश और कर्म का कारक माना है। ज्योतिष में मंगल को राशि चक्र का योद्धा भी कहा जाता है। मंगल व्यक्ति के अंदर मौजूद ऊर्जा और जुनून को दर्शाता है। ग्रहों में




इसे सैनिक की उपाधि दी गई है, जो सूर्य (राजा) के आदेशों को पूरा करता है। यदि किसी की कुंडली में मंगल मजबूत हो, तो वह व्यक्ति खेल, सेना या साहस से जुड़े क्षेत्रों में आगे बढ़ सकता है। आइए जानते हैं कि यदि किसी की कुंडली में मंगल मजबूत होते हैं, जो जीवन पर उसका क्या प्रभाव देखने को मिलता है। जिन लोगों का मंगल मजबूत होता है, वे सीधे और साफ बोलने वाले होते हैं। वे अपने मन की बात बिना झिझक कह देते हैं और कठिन परिस्थितियों में भी अपने वादे निभाते हैं। ऐसे लोग आत्मविश्वासी होते हैं, लेकिन कभी-कभी उनमें अहंकार भी देखा जाता है। मंगल के प्रभाव वाले लोग चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरे काम पसंद करते हैं। वे आसान कामों की बजाय ऐसे क्षेत्रों में जाते हैं, जहां साहस और जोश की जरूरत होती है, जैसे सर्जन, इंजीनियर या सेना। वहीं, अगर कुंडली में मंगल कमजोर या अशुभ हो, तो व्यक्ति गलत दिशा में भी जा सकता है।

अगर मंगल लग्न का स्वामी हो तो व्यक्ति का शरीर चुस्त और फुर्तीला होता है। ऐसे लोग ऊर्जावान और उत्साही होते हैं, लेकिन जल्दी गुस्सा भी आ सकता है। वे दूसरों पर प्रभाव जमाने और खुद को साबित करने की कोशिश करते हैं।

### मंगल का जन्म कैसे हुआ?

वेदों में मंगल को पृथ्वी का पुत्र कहा गया है, इसलिए यह जमीन-जायदाद और संपत्ति का भी कारक है। एक कथा के अनुसार, भगवान शिव के तांडव के दौरान उनके पसीने की एक बूंद पृथ्वी पर गिरी, जिससे मंगल का जन्म हुआ। मंगल को लोहितांग और

## इंडिया-ए ने श्रीलंका-ए को ट्राई सीरीज का पहला वनडे हराया, एक ओवर में श्रीलंका के 3 विकेट गिरे; टीम इंडिया 8 रन से जीती

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

इंडिया-ए ने ट्राई सीरीज के पहले वनडे में श्रीलंका-ए को 8 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडिया-ए ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 277 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका-ए की टीम 48.5 ओवर में 269 रन पर ऑलआउट हो गई।

श्रीलंका को आखिरी दो ओवर में 10 रन चाहिए थे और 3 विकेट बचे थे। लेकिन, 49वें ओवर में अरशद खान ने दो विकेट लेने के साथ एक रनआउट कराकर श्रीलंका की पारी को समेट दिया।

दांबुला स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 277 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड ने 101 रन की शतकीय पारी खेली। जबकि कप्तान तिलक वर्मा ने 60 रन का योगदान दिया। क्धछ्छ-2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी 14 रन ही बना सके। श्रीलंकाई टीम की ओर से मोहम्मद शिराज ने 2 विकेट झटके।

टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए सहान अराचिगे (74) और सदीरा समरविक्रमा (46) ने श्रीलंका की उम्मीदें



जगाई थीं, लेकिन भारत ने लगातार अंतराल पर विकेट निकालकर मैच का रुख पलट दिया। भारत के लिए आयुष बदोनी, अनुकूल रॉय, अरशद खान और विप्रज निगम ने 2-2 विकेट लिए। अंशुल कंबोज को 1 विकेट मिला।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

इंडिया-एः वैभव सूर्यवंशी, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), प्रियांश आर्य, ऋतुराज गायकवाड, तिलक वर्मा (कप्तान), आयुष बदोनी, अनुकूल रॉय, सूर्यांश शेडगे, अंशुल कंबोज, अरशद खान और विप्रज निगम।

श्रीलंका-एः निरोशन डिकवेला (उप कप्तान और विकेटकीपर), अविष्का फर्नांडो, नुवानिदु फर्नांडो, सदीरा समरविक्रमा (विकेटकीपर), सहान अराचिगे (कप्तान), चमिका करुणारत्ने, रविन्दु फर्नांडो, वानुजा सहन, विजयकांत वियास्कंथ, मोहम्मद शिराज और गरुका संकेत।

जीत के हीरो अरशद खान रहे, जिन्होंने 49वें ओवर में मैच का रुख पलट दिया। ओवर की दूसरी गेंद पर उन्होंने विजयकांत वियासकांत को छइह आउट किया। इसके बाद तीसरी गेंद पर वानुजा सहान गैरजरूरी रन लेने की कोशिश में रनआउट हो गए। फिर ओवर की पांचवीं गेंद पर मोहम्मद शिराज का विकेट लेकर अर्शद ने श्रीलंका की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस तरह एक ही ओवर में तीन विकेट गिरने से श्रीलंका की पारी 48.5 ओवर में 269 रन पर सिमट गई।

### कंबोज ने सहान अराचिगे को आउट किया

47.2 ओवर में अंशुल कंबोज ने भारत को 7वां विकेट दिलाया। उन्होंने शानदार यॉर्कर डालकर सेट बल्लेबाज सहान अराचिगे की बेहतरीन पारी का अंत कर दिया। अरच्चिगे ने गेंद को निकालने की कोशिश की, लेकिन बल्ले का निचला किनारा लगने के बाद गेंद सीधे स्टंप्स से जा टकराई। श्रीलंका का यह सातवां विकेट था और टीम को अब जीत के लिए 16 गेंदों में 16 रन की जरूरत थी। अराचिगे 72 गेंदों में 74 रन बनाकर आउट हुए।

## सिराज को आयरलैंड-इंग्लैंड टी-20 सीरीज से आराम

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। उन्हें आराम दिया गया है। उनकी जगह तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को दोनों सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। BCCI ने बताया कि मेडिकल टीम और टीम मैनेजमेंट के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया। सिराज के वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए यह एहतियाती कदम उठाया गया है।

बोर्ड ने अपने बयान में कहा, लंबे इंटरनेशनल शेड्यूल से पहले सिराज को पर्याप्त रिकवरी टाइम देना जरूरी है। सिराज हाल के महीनों में भारत के प्रमुख तेज गेंदबाजों में रहे हैं। वे क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। सिराज की जगह शामिल प्रसिद्ध कृष्णा ने 5 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। उन्होंने 11 की इकोनॉमी से रन देते हुए 8 विकेट लिए हैं।

## दीपिका-रणवीर नए घर में दिखे, एक्ट्रेस का बेबी बंप नजर आया



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

सोमवार को दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह मुंबई के बांद्रा वेस्ट स्थित अपने नए घर की बालकनी में नजर आए। दोनों घर के इंटीरियर के काम की प्रोग्रेस देखने पहुंचे थे। जो तस्वीरें और वीडियो सामने आए, उनमें दीपिका सफेद को-ऑर्ड आउटफिट में दिखीं, जबकि रणवीर ने लाल टी-शर्ट, काली पैंट और काली कैप पहनी हुई थी। वहीं प्रेग्नेंट दीपिका का बेबी बंप भी नजर आया। खबरों के अनुसार, दूसरे बच्चे के जन्म के बाद कपल नए घर में शिफ्ट हो सकता है। दीपिका पादुकोण ने 19 अप्रैल को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। दीपिका और रणवीर के इंस्टाग्राम हैंडल पर उनकी बेटी दुआ की एक तस्वीर शेयर की गई थी, जिसमें बेटी ने एक प्रेग्नेंसी टेस्ट किट पकड़ी हुई है, जो पॉजिटिव रिजल्ट दिखा रहा है। तस्वीर में रणवीर बेटी को गोद में लिए हुए हैं, हालांकि उनका चेहरा दिखाई नहीं दे रहा था। वहीं, तस्वीर में दुआ का आधा चेहरा नजर आ रहा था।

बता दें कि दीपिका और रणवीर ने 8 सितंबर 2024 को अपनी बेटी दुआ के जन्म की जानकारी दी थी। उस समय उन्होंने लिखा था, ह्यवेलकम बेबी गर्ल। 8-9-2024। दीपिका और रणवीर।

## फांसी लगाने से पहले सुसाइड नोट में लिखा आर्मी लवर

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलियाडाबी में मंगलवार सुबह फांसी के फंदे पर घर में मुकेश पिता रूगनाथ बागरी 55 साल परिवार को लटका मिला। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और जांच शुरू की तो मृतक के पास से चंद लाइनों का लिखा सुसाइड नोट मिला। जिसमें अपनी मर्जी से मरने और किसी को परेशान नहीं करने की बात लिखी गई थी। अंत में लिखा था आर्मी का लवर। थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि कुल्फी बेचने का काम करता था और उसकी आर्मी में जाने की काफी इच्छा थी। लेकिन जा नहीं पाये थे। थाना प्रभारी के अनुसार फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आ पाया है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

## क्षिप्रा नदी से मिली लाश शाम तक नहीं हुई शिनाख्त

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी रामघाट से मंगलवार सुबह एक युवक की लाश महाकाल पुलिस ने लोगों की सूचना पर बरामद की। तैराक दल के सदस्यों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मृतक के शरीर पर सिर्फ अंडवियर था। जिसके चलते आशंका जताई गई कि नहाने के दौरान डूबा है। घाट पर आसपास के लोगों से पहचान के प्रयास किये गये। लेकिन किसी ने भी उसकी शिनाख्त नहीं की। घाट पर कपड़ों की तलाश करने पर कुछ नहीं मिला। जिसके चलते शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। थाना एएसआई श्रवण कुमार चौहान ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया है। आसपास के थाना पुलिस को मृतक का फोटो भेज पहचान के प्रयास किये जा रहे है, गुमशुदा लोगों की जानकारी भी मांगी गई है। बुधवार दोपहर तक शिनाख्त नहीं होने पर पोस्टमार्टम कराकर दफनाने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

## नागदा में क्राइम ब्रांच की दबिश

**उज्जैन।** नागदा में संजय उर्फ सोना जैन की खाली बिल्डिंग लकड़दास मंदिर की गली में बड़े पैमाने पर सट्टा खाईवाली होने की खबर मिलने पर क्राइम ब्रांच की टीम ने नागदा पुलिस के साथ दबिश मारी। मौके से दिलीप उर्फ सावन पिता बाबूलाल 50 साल निवासी जवाहर मार्ग दीनदयाल चौक नागदा को हिरासत में लिया गया। जिसके पास से लाखों का सट्टा हिसाब लिखी 31 डायरी, पांच कैलकुलेटर, मोबाइल और 1750 रुपए नगद बरामद किये गये। क्राइम ब्रांच ने सट्टा खाईवाल को नागदा पुलिस के सुपुर्द किया गया। जहां मामले में सट्टा एक्ट अधिनियम की धारा 4 (क) का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। डायरी में मिले हिसाब का आकंलन किया जा रहा है।

## कलयुगी पुत्र ने 70 साल के पिता का फोड़ सिर

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम कालूखेड़ी में रहने वाला 70 वर्षीय हीरालाल पिता भैरूलाल सोमवार को मवेशी बेचने घौंसला हाट बाजार गया था। जहां से देर शाम वापस लौटा। रात में पुत्र छतरसिंह घर आया और मवेशी बेचने पर मिले रूपयों में शराब पीने के लिये रुपए मांगने लगा। बुजुर्ग पिता ने रुपए देने से मना किया तो पुत्र ने विवाद करते हुए पत्थर से सिर फोड़ दिया और भाग निकला। लहूलुहान हीरालाल को परिजनों ने देखा तो रात में उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले में पुलिस का कहना था कि पिता-पुत्र के बीच विवाद की सूचना मिली है। अस्पताल में भर्ती घायल के बयान दर्ज कर मामले में प्रकरण दर्ज किया जायेगी।

## पांड्याखेड़ी चौराहा पर दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**उज्जैन।** पांड्याखेड़ी चौराहा पर उद्योगपुरी की ओर जाने वाले मार्ग पर सोमवार-मंगलवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना की सूचना पर 108 एम्बुलेंस घायल को निजी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां उसकी मौत होना सामने आया। पंवासा थाना पुलिस सूचना मिलने अस्पताल पहुंची और मृतक की शिनाख्त के लिये उसके पास दस्तावेजों की तलाशी ली गई। आधार कार्ड मिलने पर मृतक का नाम गजेन्द्र पिता सोहनसिंह राजपूत 38 साल निवासी पांड्याखेड़ी सामने आया। रात में ही परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने पर सामने आया कि प्रायवेट काम करता था, पुलिस ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की है।

## उज्जैन के युवक सांवेर में हुई दुर्घटना में गंभीर घायल

**उज्जैन।** तिलकेश्वर कालोनी में रहने वाला देवराज पिता नानूराम 22 साल अपने दोस्त विजय के साथ परिचित को इंदौर अस्पताल देखने गया था। दोनों रात में वापस बाइक से उज्जैन लौट रहे थे। सांवेर के समीप पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों को उज्जैन लाया गया। विजय की हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 |

### नशे के कारोबार पर पुलिस का बड़ा प्रहार

# ड्रग्स के साथ नागपुर-बिहार के 2 युवक गिरफ्त में





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नशे से जिले के साथ प्रदेश को मुक्त करने के अभियान में कदम बढ़ा रही उज्जैन पुलिस को सोमवार-मंगलवार रात बड़ी सफलता मिली। नागपुर और बिहार के युवकों को गिरफ्तार कर 1 किलो से अधिक एमडी ड्रग्स (मेफेड्रोन)जप्त की गई। दोनों को 13 जून तक रिमांड पर लिया गया है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान चिमनगंज थाना पुलिस को गरोठ हाइवे ब्रिज के नीचे सर्विस रोड के पास अंधेरे में स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमएच 13 एफआर 2515 खड़ी दिखाई दी। गश्त में शामिल एसआई लिबिन खेस, एएसआई दिनेश सारोठिया, आरक्षक तेजकरण हिरवे, जगदीश गेहलोत, संदीप चौधरी ने टीम के साथ कार के पास पहुंचकर जांच शुरू की। उसमें 2 युवक सवार थे, पूछताछ करने पर उनके नाम पंकज पिता श्यामराव चरड़े 34 साल निवासी प्रभासिटी पवनगांव नागपुर महाराष्ट्र और अमित पिता महेन्द्र तिवारी 20 साल निवासी बिहार हाल मुकाम जयसिंहपुरा सामने आये। बाहरी युवक होने पर संदेह हुआ और कार की तलाशी ली गई तो उसमें रखा एक बॉक्स मिला। जिसे मौके पर ही पुलिस टीम द्वारा खोला गया तो प्लास्टिक की थैली में हल्के भूरे रंग का पाउडर नुमा पदार्थ रखा पाया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने एमडी ड्रग्स होना कबूल कर लिया। कार जप्त कर मादक पदार्थ सहित दोनों को थाने लाया गया। दोनों के खिलाफ मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। मादक पदार्थ ड्रग्स 1 किलो 15 ग्राम था। जिसकी कीमत 15 लाख रुपए सामने आई है। कार 5.50 लाख कीमत की है। दोनों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 13 जून तक रिमांड पर लिया गया है।

### मंदसौर से लाये थे, नागपुर में थी खपाना

थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों मंदसौर से ड्रग्स लेकर आये थे और नागपुर सप्लाय करने के लिये लेकर जा रहे थे। दोनों ने ड्रग्स उपलब्ध करने वाले मंदसौर के एक व्यक्ति के साथ नागपुर में मादक पदार्थ कारोबार से जुड़े 2 लोगों के नाम बताये है। मंदसौर के ड्रग्स तस्कर की तलाश में एक टीम रवाना की गई है। नागपुर के दोनों लोगों के संबंध में भी जांच जारी है। संभावना है कि रिमांड अवधि में मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े कुछ ओर लोगों की जानकारी सामने आ सकती है।

### 160 दिन में 70 आरोपी गिरफ्त में

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिये चलाये जा रहे अभियान में इस वर्ष के 160 दिनों में जिले की पुलिस द्वारा करीब 70 आरोपियों को 2 करोड़ से अधिक की एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा जा चुका है। पिछले पांच सालों में जो भी अवैध मादक पदार्थ कारोबार से जुड़े होना सामने आये है। उनके खिलाफ बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है। कुछ को जिलाबदर किया गया है। वहीं 160 दिन में 8 आरोपियों के खिलाफ पीट एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है। जिसमें 2 के खिलाफ मंगलवार को वारंट जारी कराकर गिरफ्तार किया गया है।

# यातायात आरक्षक से झूमाझटकी करने वालों आरोपियों को भेजा जेल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



महाकाल मंदिर क्षेत्र में आवागमन व्यवस्था संभाल रहे यातायात आरक्षक से बाइक सवार पिता-पुत्र और रिश्तेदार द्वारा अभद्रता करते हुए झूमाझटकी की गई। आरक्षक की शिकायत पर महाकाल पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया। मंगलवार सुबह तीनों को गिरफ्तार कर दोपहर में जेल भेजा गया है।

महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कन्नोजिया ने बताया कि यातायात आरक्षक देवीलाल ने सोमवार रात शिकायत दर्ज कराई कि उसकी ड्युटी महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की आवागमन व्यवस्था को संभालने के लिये कोर्ट मोहल्ला चौराहा से यादव धर्मशाला के बीच ड्युटी लगी थी। उसी दौरान बाइक पर सवार तीन लोग रॉग साइड आते दिखाई दिये। बाइक को रोका गया और गलत दिशा में जाने की बात कहीं गई तो तीनों ने अभ्रदता शुरू कर दी, उनका कहना था कि हमारा घर इसी रास्ते पर है हम यहीं से गुजरेगें। आरक्षक देवीलाल ने विरोध किया तो तीनों ने मिलकर झूमाझटकी करते हुए वर्दी पकड़ ली। यातायात आरक्षक की शिकायत पर मामले में शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया और बाइक नम्बर के आधार पर तीनों की तलाश करते हुए मंगलवार सुबह कोर्ट मोहल्ला क्षेत्र के रहने वाले आवेश खान उसके पिता बाबूल खान और रिश्तेदार अमन पिता जाकिर खान को गिरफ्तार कर बाइक जप्त की गई। तीनों को दोपहर में कोर्ट पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## मलेशिया में उज्जैन के संजीव सरन को मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**उज्जैन।** मूल रूप से उज्जैन के रहने वाले और वर्तमान में मुंबई में निवासरत संजीव सरन को टेक्सटाइल और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में वैश्विक नेतृत्व के लिए मलेशिया के कुआलालंपुर में मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के इस भव्य दीक्षांत समारोह में वहां के राजा के पुत्र और महामहिम राज्यपाल सुल्तान ने उन्हें अन्य प्रतिष्ठित विद्वानों के साथ यह सम्मान प्रदान किया। पेलेस ऑफ गोल्डन हॉर्सेस में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि महामहिम तुन दातुक सेरी सुल्तान ने प्रेरक संबोधन दिया। संजीव सरन उज्जैनी और विक्रम विश्वविद्यालय के एलुम्नी पैट्रन हैं। वे भारत सरकार के एसआरटीईपीसी मैटेक्सिल के दो बार चेयरमैन रह चुके हैं और वर्तमान में कई यूरोपियन कंपनियों के बोर्ड में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

# वृद्धा को जाप का झांसा देकर बदमाशों ने ठगे आभूषण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जैन परिवार की वृद्धा को मंत्र जाप का झांसा देकर 2 बदमाशों ने आभूषण ठग लिये। वृद्धा को अपने साथ हुई ठगी का आभास हुआ तो परिवार को घटनाक्रम बताया। मामला माधवनगर पुलिस के पास पहुंचा है।

प्रियदर्शनी चौराहा से कुछ दूरी पर रहने वाली 70 वर्षीय मनोरमा जैन सोमवार सुबह देवासरोड पर संतमुनि से मिलने पहुंची थी। जहां से वापस लौटते समय प्रियदर्शनी चौराहा पर 2 युवकों ने रोका और बातों में उलझाकर कहाकि आपके बेटे पर घात है। जिसकी वजह से नुकसान हो रहा है। बुजुर्ग मनोरमा जैन उनकी बातों को समझ नहीं पाई और बातों में आ गई। दोनों ने मंत्र जाप करने को कहा। उन्होने मंत्र जाप करना शुरू किया तो दोनों ने आभूषण उतारने की बात कहीं। मनोरमा जैन ने अपनी चेन औ अंगूठी उतार ली। युवकों ने आभूषण लिये और आंखे बंद कर 51 बार जाप करने को कहा। जाप के बाद उन्होने आंखे खोली तो दोनों युवक गायब थे। मनोरमा जैन ने घर पहुंचकर घटनाक्रम बताया। पुत्र कपिल जैन जो मोबाइल गैलरी का संचालन करता है। वह माधवनगर थाने पहुंचा और शिकायत की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। प्रियदर्शनी चौराहा के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। विदित हो कि पूर्व में भी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी है। कुछ मामलों में ही पुलिस आरोपियों तक पहुंच पाई है। बावजूद ठगी करने वाले बदमाश बाहर से आकर शहर में ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे है।

## हिरासत में पुलिस को देख भागा अफीम तस्करों का साथी


ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

रात्रि गश्त में रविवार-सोमवार रात खाचरौद पुलिस ने कार में सवार नाबालिग युवती और 2 युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा था। जिनके पास से 54 किलो के लगभग अफीम के साथ डोडाचूरा बरामद हुआ था। आरोपियों को बाइक सवार साथी पुलिस को देख भाग निकला था। जिसे रतलाम जिले से मंगलवार को हिरासत में लिया गया है।

खाचरोद थाना एसआई ईश्वर जोशी ने बताया कि गश्त के दौरान फनार्खेडी फंटा नागदा जावरा रोड से कार क्रमांक एमपी 09 सीवी 8313 को पकड़ा गया था। जिसमें सवार 17 साल की युवती और बबलू पिता गोपाल सोनी 35 साल ग्राम खजुरीया सारंग मंदसौर के साथ कृष्णपाल पिता अशोक गौड 23 साल ग्राम हतुनिया मंदसौर को गिरफ्तार कर 53 किलो डोडाचूरा और 608 ग्राम अफीम बरामद की गई थी। तीनों का एक साथी कार के आगे रैकी करता बाइक से चल रहा था, जो पुलिस को देख भाग निकला था। तीनों से पूछताछ में उसका नाम प्रदीप पिता रामेश्वर पांचाल निवासी ग्राम बडावदा जिला रतलाम सामने आया था। नाबालिग युवती को बाल संप्रेक्षणगृह भेज कृष्णपाल और बबलू को 13 रिमांड पर लिया गया था। मंगलवार सुबह दोनों की निशानदेही पर भागे बाइक सवार साथी की तलाश में बडावदा दबिश दी गई। जहां से प्रदीप को पकड़ा गया है।

### ओवरलोड का वायरल हुआ था वीडियो

# यूनिक नम्बर से मिला आटो चालक का पता





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर ओवरलोड आटो का वीडियो वायरल होने के बाद यातायात पुलिस ने यूनिक नम्बर से चालक का पता लगाया और उसके खिलाफ जुमार्ने की कार्रवाई की आटो जप्त कर लिया।

यातायात पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर आटो क्रमांक एमपी 41 आर 1854 का वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें चालक द्वारा आटो में सवारी बैठाने के बाद पीछे 3 सवारियों को लटका दौड़ता हुआ दिखाई दे रहा था। वीडियो संज्ञान में आने पर आटो का यूनिक नम्बर ट्रेस किया गया। जिसके आधार पर चालक जितेन्द्र चंदेल निवासी पिपलीलाका चौराहा होना सामने आया। पुलिस ने आटो जप्त किया और चालक के खिलाफ जुमार्ने की कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस दौरान चालक कान पकड़कर माफी मांगता रहा और आगे से ओवरलोड़ नहीं चलाने की बात कहता रहा। पहले भी सोशल मीडिया पर यात्रियों के साथ खुद की जान जोखिम में डालने के साथ रील बनाने के लिये घातक स्टंट करते वीडियो सामने आ चुके है। जिनके खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा जुमार्ने की कार्रवाई कर नियम नहीं तोड़ने की हिदायत दी जा चुकी है। बावजूद शहर के आटो-ई रिक्शा चालक नियम तोड़ वाहन दौड़ाते दिखाई दे रहे है।

# काम छोड़ चुके कर्मचारी ने किया था 1.60 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पेटीएम कंपनी का कर्मचारी बनकर 2 लोगों के मोबाइल से 1.60 लाख का लोन कंपनी से पास कराकर अपने खातों में ट्रांजेक्शन करने वाले का सुराग पुलिस को मिल गया है। आरोपी पूर्व कर्मचारी होना सामने आया है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास में दबिश दी जा रही है।




खाचरौद थाना क्षेत्र के गणेश नगर में रहने वाले धर्मेन्द्र पिता रामचंद्र जैन 52 साल किराना दुकान संचालित करते है। 5 जून की सुबह उनकी दुकान पर पेटीएम कर्मचारी बनकर एक व्यक्ति पहुंचा और मोबाइल मांगा और कुछ देर में ही 96 हजार का ऑनलाइन लोन कंपनी से लेकर अलग-अलग खाते में ट्रांजेक्शन कर लिया। उक्त व्यक्ति के जाने पर धर्मेन्द्र जैन को अपने साथ धोखाधड़ी होने का पता चला। उन्होने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस जांच शुरू कर धोखाधड़ी करने वाले का पता लगा पाती उससे पहले 6 जून को उक्त आरोपी बुध मार्ग खाचरौद में रहने वाले अशोक पिता सत्यनारायण मेहता 45 साल की बड़ चौराहा चाय की दुकान पहुंच गया। वहां भी पेटीएम कर्मचारी बताकर मोबाइल लिया और ऑनलाइन कंपनी से 64 हजार 400 का लोन लेकर अपने खाते में ट्रांजेक्शन कर लिया। उक्त मामला भी पुलिस के पास पहुंचा तो जांच के बाद 8 जून को दोनों मामले में धोखाधड़ी की धारा 318 (2), 319 (2) और आईटी एक्ट की धारा 66 में प्रकरण दर्ज किया गया। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने जांच के दौरान उक्त आरोपित का पता लगा लिया है। जो पेटीएम कंपनी का पूर्व कर्मचारी होना सामने आ रहा है। मंगलवार रात पुलिस की एक टीम उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी थी। मामले में खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया का कहना था कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जायेगा।

### मामला डेढ़ लाख देकर शादी करने का

# शादी के पांच दिन बाद दुल्हन ने बुलाई पुलिस

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

चिंतामण मंदिर में हुई शादी के पांच दिन बाद दुल्हन ने पुलिस को बंधक बनाकर रखने का कॉल डायल 112 पर कर दिया। पुलिस पहुंची तो मामला रुपए देकर शादी करने का सामने आया। दुल्हन कैंसर पीड़ित होना सामने आई है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतिक शर्मा ने बताया कि डायल 112 पर विनिता शर्मा द्वारा कॉल कर बताया गया था कि उसे बंधक बनाकर घर में रखा गया है। इवेंट मिलने पर पुलिस अंकपात मार्ग काजीपुरा मीणा परिवार के घर पहुंची। जहां सामने आया कि मीणा परिवार के सुनील पिता नंदकिशोर मीणा से 3 जून को चिंतामण मंदिर में शादी हुई है। विनिता इंदौर की रहने वाली है। शादी के दौरान डेढ़ लाख रुपए दिये गये थे। मामला उलझा हुआ होने पर महिला को थाने लाया गया और वन स्टॉप सेंटर भेजा गया। मंगलवार को पूछताछ करने पर विनिता ने बताया कि वह कैंसर पीड़ित है। उसका उपचार भी चल रहा है। वह अपने घर जाना चाहती थी लेकिन उसे बंधक बना लिया गया था। मीणा परिवार से पूछताछ करने पर सामने आया कि सुनील परिवार का एकलौता पुत्र है। शादी की बात चल रहा थी उसी दौरान इंदौर के मैरिज ब्रोकर मंगलसिंह और राकेश नामक व्यक्ति ने रिश्ता दिखाया था। बदले में 1.50 लाख रुपए दिये गये थे। अब विनिता शादी के पांच दिन बाद ही साथ नहीं रहना चाहती है। थाना प्रभारी के अनुसार दुल्हन के परिवार को बुलाया गया। मंगलवार शाम मामा का लड़का उसके उपचार संबंधित दस्तावेज लेकर पहुंचा। इस दौरान सामने आया कि रूपयों का लेनदेन इंदौर में हुआ था। शादी चिंतामण मंदिर में हुई थी। रुपए उपचार के नाम पर लिये गये थे। मामला उनके थाना क्षेत्र का नहीं होने पर मीणा परिवार से चिंतामण गणेश थाना या फिर इंदौर में जिस थाना क्षेत्र में लेनदेन हुआ है। वहां शिकायत दर्ज कराने को कहा गया है। विनिता शर्मा का कहना था कि उसे रुपए नहीं मिले है। उसकी पहले शादी हो चुकी थी पति का 2022 में निधन हो चुका है। यह उसका दूसरा विवाह है। विनिता के परिवार ने शिकायत दर्ज होने पर संबंधित पुलिस को सहयोग करने की बात भी कही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com